# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






## मौनी अमावस्या पर प्रयागराज के संगम तट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# करीब 4 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

## स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में संगम तट पर मौनी अमावस्या के मौके पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। मेला प्रशासन के अनुसार शाम चार बजे तक तीन करोड़ 82 लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। रात 12 बजे के बाद से स्नान शुरू हो गया था। संगम के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं को स्नान करने की व्यवस्था की गई थी। गृह सचिव मोहित गुप्ता मेले की निगरानी की। स्नान करने वालों का आकड़ा पांच करोड़ के पार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प की कामना की। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु आधी रात से ही घने कोहरे के बावजूद गंगा और संगम घाटों पर आने लगे थे, और सुबह के शुरुआती घंटों तक सभी दिशाओं से आते रहे।

प्रयागराज में श्रद्धालु स्नान करते हुए

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से पैदल जाने का कहा था

## साधुओं से धक्का-मुक्की पालकी खींच ले गए, कैंप में धरने पर बैठे शंकराचार्य



### पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा।

inh छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जीडीपी दर 7 फीसदी रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** दुनिया में चल रही उथल-पुथल और बाजार की अनिश्चितताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी चमक बिखेर रही है। रेटिंग एजेंसी केयरएज की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष



2026-27 में भारत की जीडीपी 7% की शानदार दर से बढ़ सकती है। केयरएज रेटिंग्स के चीफ रेटिंग ऑफिसर, सचिन गुप्ता ने बताया, भारत की घरेलू बुनियाद काफी मजबूत है। बैंकिंग सेक्टर पिछले एक दशक में अपने सबसे शानदार दौर में है। भले ही देश की ग्रोथ रेट के अनुमान अच्छे हों पर रिपोर्ट में चुनौतियों की भी बात कही है। भारतीय रुपया सिर्फ डॉलर के मुकाबले ही नहीं, बल्कि पाउंड और यूरो के मुकाबले भी 15% तक लुढ़क चुका है। इससे इंपोर्ट महंगा होने का खतरा है।

### डंपर ने लोडिंग वाहन को मारी टक्कर, महिला की मौत

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ में एक तेज रफ्तार डंपर ने लोडिंग वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लोडिंग वाहन में सवार पत्नी की मौत हो गई। वही पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना जतारा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर की है।



लोडिंग वाहन में बैरवार निवासी नत्थू रैकवार अपनी पत्नी मंजू रैकवार के साथ मऊरानीपुर से सब्जी लेकर आ रहे थे। हादसे के बाद मंजू वाहन से दूर जा गिरीं और एक पेड़ से टकरा गईं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से मंजू को जतारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। नत्थू रैकवार भी इस हादसे में घायल हुए हैं।

## जबलपुर-बरेला मार्ग पर दिल दहला देने वाली घटना

**जबलपुर में हिट एंड रन:** रविवार दोपहर 2 बजे तेज रफ्तार कार का कहर, ड्राइवर कार लेकर भागा

# सड़क किनारे खाना खा रहे मजदूरों को कार ने रौंदा, 5 की मौत, 4 गंभीर

*ड्राइवर कौन था और कार कौनसी थी? यह पता नहीं चल सका है। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। ड्राइवर किस दिशा में भागा है, पुलिस वहां भी दबिश दे रही है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर–बरेला मार्ग पर रविवार दोपहर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सड़क किनारे भोजनावकाश के दौरान बैठे मजदूरों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया था। हादसे में पहले दो महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य महिलाओं ने देर रात नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना में अब भी 10 श्रमिक अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की पहचान मंडला जिले के बीजाडांडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिहारिया निवासी चैनवती (35), लच्छो बाई (38), गोमती बाई (40) और वर्षा बाई (39), कृष्णा बाई (41) के रूप में हुई है। सभी महिलाएं पिछले करीब एक माह से जबलपुर में रहकर मजदूरी कर रही थीं। हादसे ने पांच परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।

मृतकों में दो महिलाएं, महीने भर से कर रही थीं मजदूरी





दुर्घटना के बाद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

**अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई**

**चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े**

### भोजनावकाश में मौत का तांडव-

बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर 20 से अधिक श्रमिक रोड डिवाइडर की ग्रिल की सफाई का कार्य कर रहे थे। रविवार दोपहर लगभग दो बजे भोजनावकाश के दौरान श्रमिक सड़क किनारे बैठकर भोजन कर रहे थे। इसी बीच सफेद रंग की एक कार तेज गति से मौके पर पहुंची। चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे मजदूरों को रौंदती चली गई। कुछ ही पलों में हंसता-खेलता माहौल मातम में बदल गया। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और कई मजदूर दूर जा गिरे।

### ये घायल अब भी अस्पताल में-

दुर्घटना में घायल श्रमिकों में राजकुमारी (37), अकलवती (36), प्रभावती (40), मीरा बाई (38), जमना बाई (35), ज्ञानवती (41), भगवती (37), लक्ष्मी बाई (39) और छोटीबाई (36) शामिल हैं। सभी मंडला जिले के बीजाडांडी क्षेत्र के निवासी हैं। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद चालक कार समेत जबलपुर की ओर फरार हो गया।

### राहगीरों ने दिखाई मानवता, यातायात ठप-

दुर्घटना के बाद राहगीर और स्थानीय लोग तुरंत घायलों की मदद के लिए दौड़े। कुछ देर में घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे जबलपुर-बरेला-मंडला मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। घायलों को प्राथमिक सहायता के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली और अस्पताल प्रबंधन को समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

अंबाह में आधी रात किन्नर के घर डकैती

## 8 हथियारबंद बदमाश बंधक बनाकर ले गए लाखों रुपए का सोना व नकदी

15 तोला सोने के जेवर, 5 किलो चांदी के जेवर और लगभग 3 लाख रुपए नकद लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



पुलिस मौके पर जांच करते हुए

अंबाह में रहने वाली किन्नर राबिया के घर पर शनिवार रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच 8 हथियारबंद बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया।

राबिया और उसके दो साथी किन्नर घर पर मौजूद थे। बदमाशों ने छत के रास्ते घर में घुसकर पहले किन्नरों को हथियार के बल पर डराकर बांध दिया। इसके बाद फनर से घर के सभी ताले काट दिए और जेवरात और नकदी लूट कर ले गए।


दूसरी मंजिल से गिरा नहीं फेंका गया था जतिन

## मासूम बेटे की बलि देने वाली 'जालिम मां' को उम्रकैद हुई

प्रेम संबंध उजागर होने के डर से फेंका था छत से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में पांच साल के बच्चे की



ज्योति राठौर



जतिन

हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने मां ज्योति राठौर को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### 15 दिन बाद हुआ था पछतावा

15 दिन बाद मां को पछतावा हुआ और उसने अपने पति ध्यान सिंह से कहा कि उससे बड़ी गलती हो गई है। इस बयान से पति को शक हुआ। उसने पत्नी को भरोसे में लेकर पूरी बात पूछी और कहा कि गलती इंसान से हो जाती है।

दमोह के क्रिकेट मैदान में सात फेरे

## क्रिकेट टूर्नामेंट में दो बेटियों की शादी, साक्षी बने दर्शक



बेटी के जन्म पर हर साल एक बच्ची की शादी का संकल्प

**दमोह।** जिले की हटा विधानसभा के कुम्हारी में रविवार को 'विवाह कप' क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के दौरान दो बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अनोखी पहल के आयोजक रवि चौहान हैं। इसमें पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया के साथ हटा विधायक उमा देवी खटीक भी शामिल हुईं। हजारों की संख्या में दर्शक क्रिकेट मैच का आनंद लेने के साथ-साथ विवाह की रस्मों के साक्षी बने।

क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद

## युवक के सिर पर बैट से हमला, मौत दो आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज



मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया था

**टीकमगढ़।** यहां क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में रविवार को एक युवक की मौत हो गई। मतौल गांव में बलराम उर्फ बालादीन अहिरवार (23) को दो युवकों ने क्रिकेट बैट से मारा था। गंभीर रूप से घायल बलराम की इलाज के दौरान झांसी में मौत हो गई। बलराम अहिरवार पास के मैदान में क्रिकेट खेलने गया था। वहां उसका गांव के ही विकास अहिरवार और अजय अहिरवार से विवाद हो गया।

सोहागपुर में रात को सड़क हादसा

## खड़ी ट्रॉली से टकराई ई-स्कूटर तीन किशोरों की गई जान



तीनों रात को कोचिंग से पढ़कर घर लौट रहे थे

**नर्मदापुरम/सोहागपुर।** सोहागपुर के समीप पिपरिया रोड पर शनिवार रात सड़क दुर्घटना में तीन किशोर बालकों की मृत्यु हो गई। अंधेरे में खड़ी धान भरी ट्रॉली से ई-स्कूटर के टकराने से घटना हुई है। तीनों मृत बालकों की उम्र 15 वर्ष के लगभग बताई गई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्घटना शनिवार रात लगभग 8:30 बजे की है। जब सोहागपुर से अपने ग्राम आमदेही जा रहे तीन किशोर बालकों अश्विन पुत्र ललित रघुवंशी, शिव पुत्र रामेश्वर रघुवंशी व मनुराज पुत्र प्रवीण रघुवंशी की ई-स्कूटर पिपरिया रोड पर खड़ी धान भरी एक ट्राली से टकरा गई।

विरोध के बाद बयान से पलटे विधायक बरैया

## मैंने बिहार के प्रोफेसर की 'किताब' में पढ़ा, मैं उस बयान से सहमत नहीं

कांग्रेस पार्टी ने भी उनके बयान से बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया जिले की भांडेर विधानसभा



फूल सिंह बरैया

सीट से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया एक विवादित बयान को लेकर राजनीतिक और सामाजिक विवादों में घिर गए हैं। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार को लेकर दी गई उनकी तथाकथित थ्योरी पर चौतरफा निंदा हो रही है। कांग्रेस ने भी उनके बयान से दूरी बना ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फूल सिंह बरैया से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं, बढ़ते विरोध के बाद खुद बरैया ने अपने बयान से पलट गए हैं। बरैया ने एक वीडियो जारी कर कहा कि जिस बयान को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं।

इंडिगो फ्लाइट में मौत के मुंह से बचे 238 यात्री

## फ्लाइट में बम है- टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर आतंकी मैसेज?

फ्लाइट की लखनऊ में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार सुबह इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट 6ई-6650 दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही थी। विमान में 238 यात्री सवार। बताया जा रहा है कि विमान के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर फ्लाइट में बम है हाथ से लिखा मैसेज मिला। अभी तक जांच में कोई बम या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन





सुरक्षा एजेंसियां गहन तलाशी ले रही हैं। फ्लाइट दिल्ली से उड़ान भर चुकी थी और बीच रास्ते में थी। विमान को आइसोलेशन बे (अलग क्षेत्र) में खड़ा किया गया। सीआईएसएफ, बम निरोधक दस्ता और अन्य सुरक्षा टीमों ने विमान को घेर लिया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, उनकी जांच की गई और सामान की तलाशी ली गई। एसीपी रजनीश वर्मा (लखनऊ पुलिस) ने कन्फर्म किया कि धमकी फ्लाइट के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर (टिश्यू नैपकिन) पर हाथ से लिखे नोट के रूप में मिली। एक यात्री ने इसे देखा और क्रू मेंबर को सूचित किया, जिसके बाद पायलट ने एक्शन लिया। फिलहाल सबूत होक्स की ओर इशारा कर रहे हैं - टिश्यू पेपर पर लिखा मैसेज आमतौर पर प्रैंक या गलतफहमी का मामला होता है।

भोपाल के भेल दशहरा मैदान में ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का महासम्मेलन

कथावाचकों के बयानों का जिक्र किया

## पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने 'अभद्रता' की सारी हदें पार कर दी कहा: कथावाचकों को जूते की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भेल दशहरा मैदान में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के महासम्मेलन में छतरपुर के चंदला से पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कथावाचकों पर विवादित बयान दिया है।

प्रजापति ने कहा कि मैं चाहता हूं कि हमको फांसी दी जाए, संतोष वर्मा को आईएएस पद से हटा दिया जाए, लेकिन पहले उनको (कथावाचकों को) जूतों की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए, जो व्यास पीठ से ऐसा बोलते हैं। आरडी प्रजापति ने 2013 का विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर जीता था। 2018 में पार्टी ने उनका टिकट काटकर उनके बेटे राजेश प्रजापति को दे दिया।

कुछ कथावाचक और धर्मगुरु लोगों की भीड़ जुटाकर महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती



आरडी प्रजापति

### पूर्व विधायक बोले

### कथावाचक लगातार महिलाओं का अपमान कर रहे हैं

संयुक्त मोर्चा के महासम्मेलन में प्रजापति ने मंच से कहा कि देश में कुछ कथावाचक और धर्मगुरु लोगों की भीड़ जुटाकर महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री और अनिरुद्धाचार्य का नाम लेते हुए कहा कि महिलाओं को 'खाली प्लॉट' जैसी उपमाओं से जोड़ना या 20-25 साल की लड़कियों को लेकर अभद्र टिप्पणियां करना किसी भी धर्म या शास्त्र में स्वीकार्य नहीं हो सकता। यदि कोई महिला विधवा हो जाए तो क्या उसका सिंदूर और मंगलसूत्र हट जाना उसे 'खाली प्लॉट' बना देता है।

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले: जब तक देश में धर्म प्रबल रहेगा, वह विश्व गुरु बना रहेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है।

एक कार्यक्रम में डॉ.भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है और सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों, संतों और ऋषियों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि चाहे वह नरेंद्र भाई हों, मैं हूं, आप हों या कोई और, हम सभी को चलाने वाली एक ही शक्ति है। और वह चालक धर्म ही है।

डॉ. भागवत ने कहा जोर देकर कहा कि भारत के पास जो आध्यात्मिक ज्ञान है, वह दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं है, क्योंकि अन्य जगहों पर आध्यात्मिकता की कमी है।डॉ.भागवत ने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है।

## भारत का आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया के किसी कोने में उपलब्ध नहीं

**खास बातें**

- सृष्टि का हर काम इसी सिद्धांत पर चल रहा
- ऋषियों से देश को मिली एक समृद्ध विरासत


कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. भागवत

### धर्म को बताया असली चालक

उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को नियंत्रित करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। धर्म सिर्फ धर्म तक सीमित नहीं है। प्रकृति में हर चीज का अपना अंतर्निहित कर्तव्य और अनुशासन होता है। पानी का धर्म बहना है, आग का धर्म जलना है। इसी तरह बेटे का कर्तव्य है, शासक का कर्तव्य है और आचरण के नियम हैं। पूर्वजों ने गहन आध्यात्मिक शोध और प्रयासों से इन कानूनों को समझा था।

### राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, व्यक्ति नहीं

उन्होंने यह भी राय व्यक्त की कि एक राज्य या व्यवस्था धर्मनिरपेक्ष हो सकती है, लेकिन कोई भी इंसान या रचना धर्म के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि भारत के सामान्य जनमानस में धर्म गहरा समाया हुआ है। झोपड़ी में रहने वाला व्यक्ति शायद भाषण न दे पाए, लेकिन धर्म उसकी रगों में बहता है।

## मन से जाति मिटाओ, 10-12 साल में खुद खत्म हो जाएगा जातिवाद

डॉ. भागवत ने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जातिगत भेदभाव को खत्म करना है तो सबसे पहले जाति को मन से मिटाना होगा। यह संबोधन आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक जन संगोष्ठी के दौरान दिया गया। डॉ.भागवत ने जनता के साथ सीधा संवाद किया। मंच पर उनके साथ प्रांत संघचालक अनिल भालेराव भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पहले जाति का संबंध पेशे और काम से था, लेकिन बाद में इसने समाज में पैठ बना ली और भेदभाव का कारण बनी। लोगों से अपील की कि वे इसे अपने मन से निकाल दें।

### संघ का उद्देश्य- सभी को साथ लेकर चलना है

लोगों के सवालों का जवाब देते हुए डॉ.भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य भारत को इसका सर्वोत्तम गौरव दिलाना है, साथ ही समाज को भी साथ में लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है और यह कोई प्रतिक्रिया के रूप में स्थापित संस्था नहीं है, न ही यह किसी से प्रतिस्पर्धा करता है।

---

## खबर संक्षेप


### मुझे भारतीय होने पर गर्व: रहमान

**मुंबई (महाराष्ट्र)।** बॉलीवुड को लेकर अपनी टिप्पणी के बाद विवादों में घिरे प्रख्यात संगीतकार एआर रहमान ने अपना पक्ष रखा है। एक वीडियो पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर गर्व है। वह किसी को दुख नहीं पहुंचाना चाहते, कभी-कभी इरादों को गलत समझा जा सकता है। रहमान ने लोगों से अपील की कि उनकी ईमानदारी को महसूस करें।



### लातेहार में बस पलटी 5 लोगों की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा घाटी में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक बस पलट गई है, जिसमें अब तक 5 लोगों की जान चली गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुटे। अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया। लोग छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से लोध फॉल जा रहे थे।



### सांसद तिवारी के घर से 5 लाख की रकम चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद और मशहूर लोकगायक मनोज तिवारी के घर पर चोरी होने की खबर है और चोर घर की अलमारी से करीब 5 लाख से ज्यादा पैसा लेकर गायब हो गया। पुलिस ने चोर को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। ये मामला सांसद तिवारी के मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित आवास का है।



### शाहजहांपुर में 3 की मौत, टेंपो चालक घायल

**शाहजहांपुर।** यहां के रोजा थाना क्षेत्र में सीतापुर-बरेली नेशनल हाईवे पर चकभिटारा मोड़ के समीप रविवार सुबह करीब नौ बजे ट्रक से बाइक को टक्कर लग गई। बाइक ट्रक के पिछले पहिए में फंसकर घिसटती चली गई। बाइक चालक महावीर निवासी चकभिटारा और उनके साले हेमनाथ निवासी गांव पालीचक लखीमपुर खीरी की मौत हो गई।



### 20 वाहन टकराए,चालक की मौत, 24 जख्मी

**बरेली।** यहां के फरीदपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सुबह घने कोहरे के कारण हाईवे पर कोहराम मच गया। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण रोडवेज बस और कार समेत 20 वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में करीब 24 लोग घायल हुए हैं। रोडवेज बस चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। लोग इधर- उधर परेशान दिखाई दिए।




---

## कोलकाता के हुगली जिले के सिंगूर में कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

# बंगाल बदलाव के लिए तैयार, कम समय में जो काम हो गए 100 साल में नहीं हुए

हुगली जिले के सिंगूर में एक सरकारी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने सिंगूर रैली में कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल और देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं।

## विकसित भारत के लिए पूर्वोत्तर के विकास को बताया जरूरी



एजेंसी ▶▶ सिंगूर

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को असम दौरे के बाद पश्चिम बंगाल पहुंचे। कोलकाता आगमन के साथ ही उन्होंने हुगली जिले के सिंगूर में एक सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने सिंगूर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने सिंगूर रैली में कहा कि बीते 24 घंटे पश्चिम बंगाल और देश के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इतने कम समय में जितना विकास कार्य हुआ है, शायद पिछले 100 साल में भी नहीं हुआ होगा। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत का विकास सबसे जरूरी है और केंद्र सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल अब जंगलराज को बदलने के लिए तैयार है। हमारी सरकार घुसपैठिओं पर कड़ी कार्रवाई करेगी। ये गरीबों का हक खा रहे हैं। यही घुसपैठिए टीएमसी के पक्के वोटर हैं। इसीलिए ये घुसपैठियों को बचा रहे हैं, उन्हें सुरक्षा दे रहे हैं।

**ममता सरकार पर किया बड़ा हमला**

भाजपा की सरकार देश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध


काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मॉडल को देख रहे हैं

### गंगा जलमार्ग से बढ़ेगा कार्गो मूवमेंट

प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा जी पर बने जलमार्ग के जरिए कार्गो मूवमेंट और तेज होगा। इससे उद्योगों को सस्ती और आसान परिवहन सुविधा मिलेगी। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का यह विस्तार बंगाल को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

### मालदा से हुगली तक विकास का संदेश दिया

पीएम मोदी ने कहा कि वे मालदा में थे और आज हुगली के सिंगूर में जनता के बीच आने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि केंद्र का संकल्प है कि पूर्वी भारत को विकास का इंजन बनाया जाए। 2 दिन इसी संकल्प को मजबूत करते हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल के विकास के लिए केंद्र पूरी ताकत से काम कर रही है। पीएम मोदी ने बालागढ़ में बनने वाले एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हुगली और आसपास के इलाकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगी।

### पूर्वी भारत बनेगा विकसित भारत की नींव

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि पूर्वी भारत को विकास की मुख्यधारा में सबसे आगे लाया जाए। उन्होंने दावा किया कि बीते 24 घंटे में लिए गए फैसले आने वाले वर्षों में बंगाल और पूरे पूर्वी भारत की तस्वीर बदल देंगे।

### सभी टीएमसी के महा जंगलराज को बदलना चाह रहे

पीएण मोदी ने राज्य की टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने जनता से टीएमसी को सबक सिखाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी बंगाल के नौजवानों और किसानों के साथ खेल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर प्लास्टिक से जुड़े ठोस नियम बनाए जाएंगे, ताकि जूट उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि सिंगुर का ये जनसैलाब, उत्साह और जोश बता रहा ह हर कोई 15 वर्ष के महा-जंगलराज को बदलना चाहता है।

---

**पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला**

# असम की धरती घुसपैठियों को सियासी फायदे के लिए छोड़ दी

## काजीरंगा कॉरिडोर का भूमि पूजन किया



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और राज्य को हिंसा की आग में धकेला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ सरकारें बनाने और कुछ वोट पाने के लिए असम की धरती को घुसपैठियों को सौंप दिया था। पीएम मोदी ने रविवार को असम में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया। उन्होंने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और असम को हिंसा की आग में धकेला।

### कांग्रेस ने राज्य को नकारा, भाजपा ने बजट बढ़ाया

पीएम मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की और दूरी स्थानों की रही। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास दूसरी जगह हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा, बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता बनाया है।

## कांग्रेस के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं

पीएम मोदी ने रविवार को असम के नगांव जिले में 6,957 करोड़ की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और 2 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। काजीरंगा परियोजना के 'भूमि पूजन' में हिस्सा लिया।

पीएम मोदी ने काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर के एक मॉडल का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को भी डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई।

### राइनो के शिकार पर कहा

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। होम स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्त शिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। 2013-14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए। हमने सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत किया।

**जिस मुंबई में पैदा हुई कांग्रेस, वहां 5वें नंबर पर रही :** पीएम मोदी ने बीएमसी चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर कहा कि पार्टी अपने जन्मस्थान मुंबई में 'चौथे या पांचवें' स्थान पर रही। कांग्रेस का जन्म 1885 में मुंबई में हुआ था, लेकिन फिर भी वह अपनी नकारात्मक राजनीति के कारण पहले स्थान पर नहीं आ पाई।

---

## बीएमसी महापौर पर राउत के बयान से बढ़ी 'गरमी'

होटल को बना दिया जेल

# शिंदे भी नहीं चाहते भाजपा का मेयर उसके कई पार्षद हमारे संपर्क में

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां मेयर पद को लेकर सस्पेंस बढ़ा है। चुनाव नतीजों के बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर भाजपा से मेयर पद की मांग की है और अपने पार्षदों को होटल में ठहरा दिया है। सीएम फडणवीस ने विवाद से इनकार किया है। शिवसेना यूबीटी को उद्धव ठाकरे ने ये कहकर हलचल बढ़ाई कि भगवान ने चाहा तो शिवसेना यूबीटी का ही मेयर बनेगा। संजय राउत ने कह दिया है कि शिवसेना के कई पार्षद भाजपा का मेयर नहीं चाहते और कई लोग उनके संपर्क में हैं।





### राउत ने कानून- व्यवस्था पर किए सवाल

राउत ने कहा कि शिंदे के पार्षदों को इस तरह से होटल में बंदी बनाकर रखना कानून व्यवस्था का सवाल है। उन पार्षदों को डर है कि उनका अपहरण किया जा सकता है, उन्हें तोड़ा जा सकता है। ऐसे में शिंदे ने उन्हें ताज होटल में बंद कर दिया है। पुलिस का कड़ा पहरा है।

### शिंदे के पार्षदों को रिहा करें

राउत ने कहा कि हमें और हमारे दोस्तों को ताज होटल जाना है, लेकिन हम वहां जाएंगे और वहां गड़बड़ हो जाएगी, लेकिन फिर भी हम वहां जाएंगे। राउत ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे के गुट के कई पार्षद हमारे संपर्क में हैं। कौन चाहता है कि मुंबई में भाजपा का मेयर बने? शिंदे भी ऐसा नहीं चाहते।

---

# शादी में था परिवार, चोर ले उड़े 1 किलो गोल्ड, 10 किलो चांदी

## परिवार घर लौटा तो खिड़की का ग्रिल कटा मिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में एक घर से लगभग एक करोड़ के कीमती सामान की चोरी हो गई। यह घटना तब हुई जब परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर था। पुलिस ने शनिवार 17 जनवरी को यह जानकारी दी। जब परिवार शुक्रवार, 16 जनवरी की रात को घर लौटा तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा सही सलामत था, लेकिन रसोई की खिड़की का ग्रिल कटी हुई थी और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से गहने और अन्य कीमती वस्तुएं चुराईं, जिनकी कुल कीमत लगभग एक करोड़ बताई जा रही है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि वे एक शादी में गए हुए थे और लौटने तो देखा कमरे में सामान अस्त-व्यस्त था और कीमती सामान गायब थे।

**पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में वारदात**

दिल्ली में बंद पड़े घर पर चोरों ने बोला धावा


सोना और चांदी फाइल फोटो

### पड़ोसियों और सुरक्षा गार्डों से पूछताछ

जांचकर्ता पड़ोसियों और सुरक्षा गार्डों से भी पूछताछ कर रहे हैं कि क्या घटना की रात इलाके में किसी संदिग्ध गतिविधि पर ध्यान दिया गया था। एपुलिस तकनीकी और स्थानीय खुफिया जानकारी की जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। चोरों को जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**स्कूलों के लिए नया आदेश**

### 9वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए हाईब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने से दिल्ली सरकार ने स्कूलों के लिए नया आदेश जारी हुआ है। स्कूलों में नौवीं क्लास तक और 11वीं क्लास के बच्चों की क्लासेज हाईब्रिड मोड में चलेंगी। अब कमिशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की तरफ से नर्सरी से नौवीं तक और 11वीं क्लास को हाईब्रिड मोड में तुरंत प्रभाव से क्लासेज लेने का फैसला लिया गया है।

---

## नई दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री शाह

# देश की रक्षा व अखंडता का संकल्प और मजबूत होगा

## वंदे मातरम और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज भारत मंडपम में आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अवलोकन किया। गृह मंत्री ने वंदे मातरम पवेलियन और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का भी दौरा किया। गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। एक्स पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट्स में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं और उम्र चाहे जो भी हो, पढ़ते रहना चाहिए। पढ़ने की आदत तेजी से कम होती जा रही है और मुझे विश्वास है कि डिजिटल हो या प्रिंट, पुस्तकें अभी भी ज्ञान अर्जित करने का सबसे अच्छा तरीका हैं।

स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करें


पुस्तक मेला में गृहमंत्री शाह

### बच्चों को 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित की

गृहमंत्री शाह ने बच्चों को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित साहित्यिक कृति 'आनंद मठ' ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित कर इतिहास रचा।

### सरदार पटेल के कृतित्व को अजर-अमर बनाएं

शाह ने कहा कि नेशनल बुक ट्रस्ट के वंदे मातरम पवेलियन का दौरा किया। यह पवेलियन गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित कर रहा है, जिसने स्वतंत्रता सेनानियों में औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने की देशभक्ति की भावना जगाई थी। शाह ने पुस्तक मेले में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। टुकड़ों में बंटे देश को एकीकृत कर एक भारत बनाने वाले सरदार साहब का 150वां जयंती वर्ष मनाकर मोदी सरकार उनके व्यक्तित्व- कृतित्व को बता रही।

---

**मणिकर्णिका की 'फर्जी' तस्वीरें शेयर की**

# सांसद संजय, कांग्रेस नेता यादव समेत 8 नेताओं पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पुलिस ने मणिकर्णिका घाट पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों के बारे में सोशल मीडिया पर एआई से बनाई गई तस्वीरें, वीडियो और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में कार्रवाई की है। वाराणसी पुलिस ने आपके सांसद संजय सिंह, कांग्रेस नेता पप्पू यादव सहित 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसल ने बताया कि घाट पर चल रहे सौंदर्यीकरण और श्मशान सुविधाओं पर चल रहे सुधार के संबंध में मनगढ़ंत सामग्री फैलाने के आरोप में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। वाराणसी के चौक थाने में शनिवार को एफआईआर दर्ज होने के बाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के लोकसभा क्षेत्र में घाट को तहस-नहस किया गया, मंदिरों को तोड़ा गया, काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाली माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भी तोड़ी गई जिसका विरोध काशी के साधुओं ने किया।



## एआई और क्रिटिकल मिनरल्स पर नया रोडमैप तैयार

# जापान के विदेश मंत्री ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर कहा- आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में करेंगे पूरा सहयोग

### केंद्रीय सचिवालय से पटेल चौक तक किया सफर

### भारत-जापान संबंध दुनिया के लिए बनेंगे नजीर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक नई रणनीतिक ऊंचाई देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी की तीन दिवसीय भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) जैसे भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। शनिवार को संपन्न हुई इस यात्रा के दौरान मोतेगी ने न केवल उच्च स्तरीय कूटनीतिक बैठकें कीं, बल्कि भारत-जापान आर्थिक सहयोग के प्रतीक 'दिल्ली मेट्रो' की सवारी भी की।



मेट्रों में बैठे दाएं से मोतेगी

### एआई डायलॉग शुरू

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोतेगी के बीच 18वीं भारत-जापान रणनीतिक वार्ता के दौरान भविष्य की तकनीक और संसाधन सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने एक नया 'एआई डायलॉग' शुरू किया है और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए 'क्रिटिकल मिनरल्स' पर एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का निर्णय लिया है।*

### दोनों देशों के बीच सहयोग पर बात

*एस. जयशंकर ने बैठक के दौरान कहा कि पिछले दो दशकों में भारत और जापान के संबंध मुख्य रूप से आर्थिक साझेदारी से बढ़कर एक व्यापक और रणनीतिक रिश्ते में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने क्वाड, संयुक्त राष्ट्र, जी4 और जी20 जैसे मंचों पर दोनों देशों के सहयोग को रेखांकित किया। यात्रा के अंतिम दिन, जापानी विदेश मंत्री ने भारत में जापान के राजदूत केईची ओनो के साथ दिल्ली मेट्रो की सवारी की। उन्होंने केंद्रीय सचिवालय से पटेल चौक तक और वापस केंद्रीय सचिवालय तक का सफर तय किया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने उन्हें मेट्रो परियोजना की बारीकियों और जापान इंटरनेशनल सहयोग एजेंसी (जिका) द्वारा चरण-1 से ही दिए जा रहे वित्तीय सहयोग के बारे में जानकारी दी। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री ने मेट्रो के निर्माण और परिचालन में गहरी रुचि दिखाई, जो भारत-जापान मित्रता का एक गौरवशाली प्रतीक है।*

### मेट्रो के बाद सामरिक अर्थ व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं भारत और जापान

तोशिमित्सु मोतेगी की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन की मजबूती और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप पर जोर दिया जा रहा है। एआई और क्रिटिकल मिनरल्स पर हुआ समझौता यह दर्शाता है कि दोनों देश अब पारंपरिक बुनियादी ढांचे (जैसे मेट्रो) से आगे बढ़कर डिजिटल और सामरिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। यह साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके लिए दोनों देशों ने सहमति दी है।

---

## खबर संक्षेप

### रिपोर्टः ईरान में 16 हजार से ज्यादा की मौत

**तेहरान।** ईरान में दिसंबर 2025 के अंत से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों ने अब पूरे देश को हिला कर रख दिया है। शुरुआत आर्थिक मुद्दों जैसे महंगाई और रियाल की गिरावट से हुई थी, लेकिन जल्द ही यह सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया, जिसमें सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। एक नई रिपोर्ट दावा करती है कि सरकार की कड़ी कार्रवाई में कम से कम 16,500 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और 3 लाख 30 हजार से अधिक घायल हुए हैं। अधिकांश पीड़ित 30 वर्ष से कम उम्र के युवा हैं।



### 200 ड्रोनों ने यूक्रेन के छह प्रांत तबाह किए

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध अब अपने चौथे साल में प्रवेश कर चुका है और दोनों पक्षों के बीच तनाव तथा हमले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। हाल के दिनों में रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं, खासकर सर्दियों की भीषण ठंड में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाकर रूस ने यूक्रेन पर 200 से अधिक हमलावर ड्रोन दागे, जिससे सुमी, खार्किव, नीप्रो, ज़ापोरिज्जिया, खमेलनित्स्की और ओडेसा जैसे छह प्रमुख प्रांतों में भारी तबाही मची।



---

## जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की

# अमेरिकी सांसद ने की जयशंकर से मुलाकात भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बन सकती है बात

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी सांसद स्टीव डैनिस से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीति पर चर्चा हुई। इससे पहले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को अमेरिका का सबसे जरूरी साझेदार बताया और दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को सक्रिय बताया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिकी सांसद स्टीव डैनिस ने नई दिल्ली में रविवार को मुलाकात की है। जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर जल्द ही कोई खुशखबरी मिलने की उम्मीद बढ़ रही है। एस जयशंकर ने बताया कि अमेरिकी सीनेटर के साथ भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों और रणनीति को लेकर चर्चा हुई। अमेरिकी राजदूत का यह कहना कि भारत अमेरिका के लिए सबसे जरूरी साझेदार है और फिर अमेरिकी सांसद का भारतीय विदेश मंत्री से मिलना इस बात का संकेत दे रहा है कि दोनों देशों के बीच जारी व्यापार वार्ता तेजी से आगे बढ़ रहा है।

- अमेरिकी राजदूत ने पहले भी दिए थे संकेत

एक्स पर तस्वीरों के साथ कैप्शन में एस जयशंकर ने लिखा, आज सुबह दिल्ली में सीनेटर स्टीव डैनिस से मिलकर खुशी हुई। हमारे आपसी रिश्ते और इसके रणनीतिक महत्व पर खुलकर बातचीत हुई।

◆ बातचीत का मुद्दा व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग रहा



स्टीव डैनिस और जयशंकर

### रुबियो से फोन पर बातचीत की थी

इससे पहले विदेश मंत्री ने अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत का मुद्दा व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग था। इससे पहले अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के बीच ट्रेड वार्ता को लेकर कहा था कि दोनों पक्ष लगातार सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।

### सर्जियो गोर ने भारत को बताया बड़ा साझेदार

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को यूएस का सबसे जरूरी साझेदार बताया और कहा था, भारत से ज्यादा जरूरी कोई पार्टनर नहीं है। आने वाले महीनों और सालों में, राजदूत के तौर पर मेरा लक्ष्य एक बहुत बड़ा एजेंडा पूरा करना है। हम यह काम सच्चे रणनीतिक साझेदार के तौर पर करेंगे, जिसमें हर कोई ताकत, सम्मान और नेतृत्व लाएगा।

राजदूत गोर का दौरा संपन्न

### कई दिग्गजों से की मुलाकात, दोनों देशों के बीच रिश्तों में होगा सुधार

*अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले मुंबई दौरे का अनुभव साझा किया है। गोर ने मुंबई दौरे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी और टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से मुलाकात की। मुंबई दौरा पूरा करने के बाद अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुंबई का बहुत सफल दौरा खत्म! सीएम देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, टाटा कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत के फार्मा सेक्टर के एग्जीक्यूटिव और धार्मिक नेताओं के साथ शानदार*

### सीएम द्वारा स्मृति चिन्ह भी सौंपा गया

महाराष्ट्र सीएम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कर अमेरिकी राजदूत ने लिखा कि आज मेरी महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ एक शानदार मीटिंग हुई। हमने व्यापार और निवेश, एंटरटेनमेंट, तकनीक, मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे खास क्षेत्रों में अमेरिका और महाराष्ट्र के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा हुई।



---

## दिल्ली धमाके का मामला

# जांच में हुए कई नए खुलासे उमर नबी ने रची थी साजिश



फाइल चित्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को एक आतंकी हमला हुआ था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस मामले की जांच कर रही है। जांच में सामने आया है कि इस साजिश का मास्टरमाइंड डॉ. उमर उन नबी एक दूसरे आत्मघाती हमलावर की भर्ती करने की कोशिश कर रहा था।

हालांकि वह इसमें सफल नहीं हो सका, क्योंकि संबंधित व्यक्ति ने सेब की पैदावार के मौसम में अपने परिवार की मदद करने की जरूरत का हवाला देते हुए इस आतंकी साजिश से पीछे हटने का फैसला कर लिया। श्रीनगर पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उमर नबी द्वारा संचालित एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। नबी वही व्यक्ति था जो 10 नवंबर को लाल किले के पास विस्फोटकों से लदी गाड़ी चला रहा था।

**आत्मघाती हमलावरों की भर्ती करने की कर रहा था कोशिश**

### युवकों का जीता था भरोसा

*अधिकारियों ने बताया कि नबी ने यासिर डार को एक संभावित आत्मघाती हमलावर के रूप में सफलतापूर्वक कट्टरपंथी बना दिया था, लेकिन पिछले साल अगस्त में हुई एक मुलाकात के दौरान उसने आखिरी समय में इस साजिश से पीछे हटने का फैसला किया। उसने इसके लिए 'सेब की पैदावार का मौसम' और घर में मरम्मत का काम होने को कारण बताया। अधिकारियों के अनुसार यासिर डार 2023 से नबी के संपर्क में था। नबी का डॉक्टर होना उसके प्रभाव में आने का एक बड़ा कारण बना। उसकी कट्टरपंथी बातें भर्ती किए गए लोगों को अधिक प्रभावशाली और विश्वसनीय लगती थीं।*

### सोशल मीडिया का इस्तेमाल

स्कूल की पढ़ाई छोड़ चुका यासिर डार का नाम पहले भी जांच में सामने आया था, जब उसका एक दोस्त आतंकी संगठनों से जुड़ा था। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह सोशल मीडिया टेलीग्राम के जरिए नबी के संपर्क में था और उसे हमेशा बेहतरीन शारीरिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए कहा जाता था। अधिकारियों के अनुसार डार दूसरा संभावित आत्मघाती हमलावर था, जिसे नबी आतंकी मॉड्यूल में शामिल करने की कोशिश कर रहा था।

---

## बलूच नेता ने खोली पोल कहा-

# कश्मीर पर ज्ञान देना शरीफ को पड़ा भारी, पाक ने मस्जिद को टैंक से रौंदा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

कश्मीर में मस्जिदों की प्रोफाइलिंग के लिए भारत की आलोचना करने वाली पाकिस्तान सरकार घर में ही घिर गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कश्मीर में मस्जिद कमेटियों पर प्रशासन के फैसले की कड़ी आलोचना की है। पकिस्तान ने इसे अल्पसख्यकों के साथ भेदभाव की नीति बताया। इस पर बलूचिस्तान के अलगाववादी नेता मीर यार ने शहबाज शरीफ और असीम मुनीर को आईना दिखा दिया है। मीर ने कहा कि बलूचिस्तान में बड़ा संख्या में मस्जिदें गिराने वाली पाकिस्तानी आर्मी और अल्पसंख्यकों पर जुल्म ढाने वाली पाक सरकार को भारत की आलोचना का हक नहीं है। मीर यार बलूच ने रविवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय का वह बयान शेयर किया है, जिसमें भारत की आलोचना की गई है। इसे शेयर करते हुए मीर ने लिखा है कि बलूचिस्तान गणराज्य पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुद्दे पर भारत के सैद्धांतिक रुख के साथ पूरी तरह खड़ा है।



---

## ट्रंप बोले मदद आ रही है पर गई कहां पता नहीं?

# ट्रंप से मिला धोखा! ईरान में प्रदर्शनकारियों ने जताई निराशा, बोले- हमें उम्मीद थी, मदद आएगी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कई लोगों को उम्मीद थी कि इस बार दुनिया का सबसे ताकतवर देश उनका साथ देगा। जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षाबल प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाते हैं तो वह उनकी मदद करेंगे, तो कई लोगों ने इस बयान को सच मान लिया। 38 वर्षीय सियावश शिरजाद भी उन्हीं में से एक थे। वह एक पिता थे और पहले भी कई आंदोलनों को हिंसा में बदलते देख चुके थे। परिवार ने उन्हें घर में रहने की सलाह दी, लेकिन ट्रंप के बयान ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार हालात बदलेंगे। जनवरी की शुरुआत में सुरक्षाबलों ने गोलीबारी शुरू कर दी। कुछ ही दिनों में इंटरनेट बंद कर दिया गया और ईरान दुनिया से कट गया। 8 जनवरी को तेहरान में एक प्रदर्शन के दौरान सियावश को गोली लगी और कुछ घंटों बाद उनकी मौत हो गई।



### मदद की उम्मीद में लोग मरते गए

उनके पीछे 12 साल का बेटा रह गया। उनके एक रिश्तेदार ने नाम न बताने की शर्त पर कहा वह आखिरी पल तक यही मानते रहे कि ट्रंप की मदद आएगी। हमने मना किया था, लेकिन वह बोले ट्रंप ने समर्थन दिया है, मैं जाऊंगा। इसके बाद ट्रंप ने एक बार फिर ईरानियों से प्रदर्शन जारी रखने और संस्थानों पर कब्जा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मदद रास्ते में है।

---

## हिंद महासागर के साउथ-ईस्ट वाला प्लान पर हो रहा काम

### इंडियन नेवल बैंड की होगी परफॉर्मेंस, हिंद महासागर में समुद्री सहयोग होंगे मजबूत

# इंडियन नेवी के 4 शिप पहुंचे सिंगापुर, भारत के लिए समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का पहला ट्रेनिंग स्क्वाड्रन (आईटीएस) 15 जनवरी को सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पहुंच गया। इस स्क्वाड्रन में आईएनएस तिर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता और इंडियन कोस्ट गार्ड शिप सारथी शामिल हैं।

यह दक्षिण पूर्व एशिया में लंबी दूरी की ट्रेनिंग डिप्लॉयमेंट का हिस्सा है, जो दक्षिण पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में चल रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इंडियन नेवल बैंड सिंगापुर की प्रमुख जगहों पर परफॉर्मेंस देगा। जहाजों पर स्कूली बच्चों के लिए दौरा भी रखा गया है, ताकि वे नौसेना की जिंदगी देख सकें। स्क्वाड्रन के पहुंचने पर भारत के हाई कमिश्नर डॉ. शिल्पक अंबुले ने ट्रेनी से मुलाकात की और मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड कमांड के कमांडर से बातचीत की। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर की टीम ने भी प्रोफेशनल अनुभव साझा किए। दूसरे दिन कम्युनिटी कार्यक्रम, सिंगापुर नेवी के साथ बातचीत, इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजियम का दौरा, खेल मुकाबले और श्री नारायण ओल्ड एज एंड नर्सिंग होम में आउटरीच गतिविधियां हुईं।



समंदर में भारतीय शिप

यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को मजबूत करता है और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ समुद्री साझेदारी बढ़ाता है। साथ ही यह इंडियन ओशन नेवल सिम्पोजियम (आईओएनएस) में भारत की लीडरशिप और महासागर विजन के मुताबिक समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है।

### क्यों खास है ये दौरा?

*यह दौरा खास इसलिए है, क्योंकि वर्ष 2026 को भारत और आसियान ने 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दौरान भारत और सिंगापुर की नौसेनाएं क्षमता बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा और सहयोग को मजबूत करने के लिए कई गतिविधियां कर रही हैं। दोनों पक्षों के ट्रेनी अधिकारियों के बीच स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग एक्सचेंज, जॉइंट योगा सेशन और खेल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।*

### जहाजों को स्कूल बच्चों के लिए खोला जाएगा

सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत भारतीय नौसेना बैंड सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुति देगा। इस दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के भ्रमण के लिए भी खोला जाएगा। सिंगापुर पहुंचने पर भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के प्रशिक्षुओं से बातचीत की। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और कमांडिंग अधिकारियों ने समुद्री प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान (एमटीडीसी) के कमांडर से भी मुलाकात की। सूचना संलयन केंद्र (इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर) के अंतरराष्ट्रीय संपर्क अधिकारियों की टीम के दौरे के दौरान पेशेवर अनुभव साझा किए गए।



### मध्य भारतीय हार्ड ग्राउंड बारासिंगा संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

# कान्हा से सतपुड़ा पहुंचे 12 बारासिंगा

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में विलुप्तप्राय मध्य भारतीय हार्ड ग्राउंड बारासिंगा के संरक्षण और विस्तार की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। भारत सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमोदन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार कान्हा टाइगर रिज़र्व से 12 बारासिंगा (8 मादा एवं 4 शावक) को सफलतापूर्वक सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व, नर्मदापुरम स्थानांतरित किया गया।

यह संवेदनशील अभियान कान्हा टाइगर रिज़र्व, मंडला के परिक्षेत्र सरही, बीट सौंफ, कक्ष क्रमांक 636 (सौंफ मैदान) में स्थापित बोमा पद्धति के माध्यम से संचालित किया गया। पकड़े गए बारासिंगा को विशेष रूप से तैयार वन्यजीव परिवहन वाहन द्वारा पूरी सुरक्षा, चिकित्सकीय निगरानी एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व भेजा गया।



### कुशल नेतृत्व में सफल अभियान

पूरा अभियान मौके पर उपस्थित श्री रविन्द्र मणि त्रिपाठी, क्षेत्र संचालक, कान्हा टाइगर रिज़र्व के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान श्री पुनीत गोयल, उप संचालक, डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यजीव चिकित्सक, डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, वन औषधालय मुक्की, सहायक संचालक (बंजर), परिक्षेत्र अधिकारी सरही सहित बड़ी संख्या में वन अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वन अमले की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और आपसी समन्वय से यह कार्य बिना किसी क्षति के सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।

### संरक्षण से पुनर्जीवन की कहानी

गौरतलब है कि 1970 के दशक में कान्हा टाइगर रिज़र्व में बारासिंगा की संख्या घटकर मात्र 66 रह गई थी, जिससे इस प्रजाति के अस्तित्व पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था। इसके पश्चात कान्हा प्रबंधन द्वारा अपनाए गए वैज्ञानिक संरक्षण उपायों, आवास प्रबंधन एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप आज कान्हा में बारासिंगा की संख्या बढ़कर लगभग 1100 तक पहुँच गई है। यह देश के किसी एक संरक्षित क्षेत्र में बारासिंगा संरक्षण की सबसे बड़ी सफलता मानी जाती है।

### जैव विविधता संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह पहल न केवल बारासिंगा संरक्षण, बल्कि मध्य प्रदेश की जैव विविधता को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आने वाले वर्षों में ऐसे और स्थानांतरण अभियानों के माध्यम से प्रदेश को बारासिंगा संरक्षण का राष्ट्रीय मॉडल बनाने की योजना है।

### कान्हा से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) हेतु नर बाघ रवाना

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कान्हा टाइगर रिज़र्व से एक नर बाघ को सुरक्षित रूप से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) के लिए रवाना किया गया। यह नर बाघ पूर्व में पेंच टाइगर रिज़र्व के रूखड़ परिक्षेत्र, सिवनी से रेस्क्यू किया गया था, जहाँ उस समय उसकी आयु लगभग 4–5 माह थी। इसके पश्चात बाघ को कान्हा टाइगर रिज़र्व के मुक्की स्थित घोरेला रिवाइल्डिंग बाड़ा में रखकर प्राकृतिक शिकार एवं स्वतंत्र विचरण हेतु प्रशिक्षित किया गया। वर्तमान में बाघ की आयु 33–35 माह है और वह पूर्णतः स्वस्थ एवं जंगल में स्वतंत्र जीवन के लिए सक्षम पाया गया। विशेषज्ञों की अनुशंसा के आधार पर बाघ को ऐसे संरक्षित क्षेत्र में छोड़े जाने का निर्णय लिया गया जहाँ बाघों का घनत्व कम हो तथा पर्याप्त प्राकृतिक आवास उपलब्ध हो। निश्चेतन उपरांत बाघ के सभी आवश्यक जैविक मापदंडों को अभिलेखित किया गया और वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11(1)(ए) के अंतर्गत अनुमति प्राप्त कर, निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार उसे सैटेलाइट रेडियो कॉलर पहनाकर नौरादेही टाइगर रिज़र्व में सुरक्षित स्थानांतरित किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यवाही रविन्द्र मणि त्रिपाठी, भा.व.से., क्षेत्र संचालक, कान्हा टाइगर रिज़र्व के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस दौरान पुनीत गोयल, सुश्री अमीथा के.बी., डॉ. संदीप अग्रवाल, अजिंक्य देशमुख, डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार, रोहन देसाई सहित विशेषज्ञ दल एवं वन अमला उपस्थित रहा।



### प्रदेश में फैलाया जा रहा संरक्षण मॉडल

- राज्य में बारासिंगा की आबादी को अन्य उपयुक्त वन क्षेत्रों में स्थापित करने के उद्देश्य से अब तक—
- वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में 7 सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में 115 बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में 48
- बारासिंगा का सफल स्थानांतरण किया जा चुका है। आज किया गया यह स्थानांतरण इसी दीर्घकालीन संरक्षण रणनीति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### नर्मदा प्रकटोत्सव

# सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश : राकेश सिंह

हरिभूमि जबलपुर।

आगामी 25 जनवरी को मां नर्मदा प्रकटोत्सव के संदर्भ में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गौरीघाट में एक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि नर्मदा प्रकटोत्सव के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय के पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं. उन्होंने कहा कि गत वर्ष जो कठनाईयां सामने आईं थीं, उनकी पुनरावृत्ति न हो लिहाजा सभी बातों को ध्यान में रखकर व्यवस्थाएं की जाएं. बैठक में उत्सव के दौरान भंडारों के लिए समुचित जगह, आवागमन को व्यवस्थित करने, एम्बुलेंस, अस्थायी स्वास्थ्य शिविर, फायर ब्रिगेड, सीसीटीव्ही, कंट्रोल रूम, विद्युत व्यवस्था, निर्धारित मात्रा में ध्वनि, वन-वे व्यवस्था, पार्किंग, नर्मदा तट पर विगत वर्ष की भांति वॉच टावर लगाने के साथ तट पर कोई भी दुकान नहीं लगाने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि नर्मदा तट की साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, मोबाईल टॉयलेट, घाटो पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साज-सज्जा करने व अस्थायी अतिक्रमण को समझाइश देकर व्यवस्था की जाए।




### निशुल्क चलेंगे ई रिक्शा

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नर्मदा तट पर मदिरा सेवन पूर्णतः बंद की जाये। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए माता वैष्णो देवी यात्रा दल द्वारा वॉकी-टॉकी के साथ तैनात करेंगे। इसमें समरसता सेवा संगठन का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा पर्याप्त मात्रा में रहे और उनकी नंबरिंग की जाये। ई रिक्शा निःशुल्क रहेंगें। उन्होंने संबंधित अधिकारी से कहा कि बिना भुगतान के ई-रिक्शा न लगायें।

### मंत्री स्वयं पैदल जाएंगे मां नर्मदा तट

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने बैठक में कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल में वाहन पार्क होने के बाद वे स्वयं भी पैदल ही मां नर्मदा तट तक पैदल जाएंगे। साथ ही उन्होंने मां नर्मदा के भक्तो से भी अपील की है कि निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क कर पैदल या आवश्यक होने पर प्रशासन द्वारा चयनित ई रिक्शा से ही तट पहुंचे। इस दौरान महापौर जगत बहादुर अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, लेखराज सिंह मुन्ना भैया, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, अभय सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार सहित सभी संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीयजन मौजूद थे।

### आयोग को आपत्ति भेजीः फ्री मीटर की घोषणा के बाद वसूली क्यों

# स्मार्ट मीटरों के नाम पर 622 करोड़ वसूली का प्रस्ताव

**जबलपुर।** बिजली कम्पनियों ने बिजली रेट बढ़ाने हेतु दायर याचिका में स्मार्ट मीटरों पर उपभोक्ताओं से 622 करोड़ वसूली करने के लिए ऐसे मापदण्डों नहीं की है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने बारम्बार घोषणा की है कि परिसरों में लगाये जा रहे स्मार्ट फ्री होंगे, तो फ्री स्मार्ट मीटरों पर उपभोक्ताओं से वसूली क्यों यह आपत्ति डॉ.पी.जी. नाजपांडे ने विद्युत नियामक आयोग को भेजकर बताया कि बिजली कम्पनियों की याचिका गैरकानूनी बिंदुओं पर आधारित है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने 25 दिसम्बर तक आपत्तियां दायर करने सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की है।



आपत्तिकर्ता ने बताया कि बिजली कम्पनियों (पृष्ठ 133 में) ने स्मार्ट मीटरों हेतु लीज चार्जेस बसूलने का प्रस्ताव दिया है। इसमें उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंट के मापदण्डों का आधार लिया है। वास्तविकता यह है कि इन मापदण्डों को स्वयं केन्द्र तथा राज्य सरकारों ने अभी तक कानूनी मान्यता प्रदान नही की है। अतः यह वसूली विधि योग्य नही है।

बिजली कम्पनियों ने 28 नवम्बर 2025 को याचिका दायर कर स्मार्ट मीटरों पर 622 करोड़ की वसूली का प्रस्ताव दिया है। इसें अब लगभग 2 माह हो रहे है, इसके बावजूद भी"फ्री स्मार्ट मीटर " का वादा करने वाली सरकार चुप बैठी है। प्रदेश सरकार को स्वयं इस प्रस्ताव को खारिज करना चाहिए।

बैठक में रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, डी.के. सिहं, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, डी.आर लखेरा, एड. जी. एस. सोनकर, पी.एस. राजपूत, संतोष श्रीवास्तव, के.सी. सोनी, अशोक नामदेव आदि उपस्थित थे।

### रंगदारी वसूलने के मकसद से बीच रास्ते की मारपीट

**जबलपुर।** थाना गढ़ा क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपये मांगने और इंकार करने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ा थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रा बस्ती, गोरखपुर निवासी 33 वर्षीय अजय कुमार रजक रात 9.30 बजे मोटर सायकल से अपने दोस्त के घर जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में आकाश उर्फ खस्सी और अन्ना मांडवा उससे मिले और शराब पीने के लिए एक हजार रुपये की मांग करने लगे। अजय द्वारा रुपये देने से मना करने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की जिससे उसके गाल में चोट आ गई। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आकाश उर्फ खस्सी एवं अन्ना मांडवा के खिलाफ धारा 296(बी), 119(1), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

### 36 कंप्यूटर ऑपरेटरों ने की सामूहिक इस्तीफों की पेशकश

# मतदाता सूची पुनरीक्षणः काम के दबाव से तनाव में अमला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे निर्वाचन कार्य का दबाव अब कर्मचारियों की सहनशक्ति से बाहर होता नजर आ रहा है। जबलपुर जिले में स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि निर्वाचन कार्य में तैनात 36 कंप्यूटर ऑपरेटरों और प्रोग्रामरों ने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के समक्ष सामूहिक इस्तीफे की पेशकश कर दी। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले तीन महीनों से लगातार सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक बिना किसी अवकाश के काम कर रहे हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन दोनों बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।




### 4 लाख मामलों की सुनवाई बना कारण

प्रशासनिक अमले में मचे इस असंतोष की मुख्य वजह निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई सख्त समय-सीमा बताई जा रही है। जिले में आगामी 10 दिनों के भीतर करीब 4 लाख मतदाताओं से जुड़ी अंतिम सुनवाई और नोटिस संबंधी प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। पाटन विधानसभा क्षेत्र में सीमित संसाधनों के बीच इतना बड़ा कार्यभार प्रशासन और कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इसी दबाव को देखते हुए एसडीएम और तहसीलदार संघ ने भी कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि आयोग के दिशा-निर्देशों में स्पष्टता का अभाव है और संसाधन भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इतने बड़े स्तर पर कार्य का समयबद्ध निराकरण व्यवहारिक नहीं है।

### अतिरिक्त स्टाफ का आश्वासन

कर्मचारियों और अधिकारियों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला। उन्होंने अमले के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की और कर्मचारियों को समझाइश दी। कलेक्टर ने बताया कि वे खुद भी देर रात तक कार्यालय में रुककर कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने माना कि वर्तमान में काम का दबाव अत्यधिक है, लेकिन भरोसा दिलाया कि जल्द ही अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जाएगी, जिससे मौजूदा कर्मचारियों पर बोझ कम हो सके। हालांकि, कंप्यूटर ऑपरेटरों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि जल्द ही कार्यप्रणाली में सुधार और राहत नहीं मिली, तो वे सामूहिक रूप से काम बंद करने का कदम उठा सकते हैं।

## कलेक्टर और निगम आयुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार ने संबंधित अधिकारियों के साथ गौरीघाट और तिलवारा घाट में नर्मदा प्राकट्योत्सव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पर्व की गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर और निगम आयुक्त ने घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

## सुरजताल तालाब निखर रहा, स्थानीय लोगों में उत्साह

**जबलपुर।** नगर निगम के प्रयासों से शहर के ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य में निखार आया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संग्राम सागर और सूरजताल तालाब का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सूरजताल की सुधरी हुई सूरत देखकर अधिकारी और स्थानीय नागरिक दोनों उत्साहित नजर आए। तालाब की जलकुंभी की सफाई और आसपास हरियाली बढ़ाने के प्रयासों से यह क्षेत्र अब स्वच्छ और आकर्षक बन रहा है। निगमायुक्त ने जल स्त्रोतों और पेड़ों के संरक्षण पर जोर दिया और कहा कि यह हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। स्थानीय लोग सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं और भविष्य में तालाब की साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया है। कायाकल्प के बाद न केवल शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



## जबलपुर में पंचगव्य और देसी गोवंश नसल सुधार कार्यशाला सम्पन्न

**जबलपुर।** विहिप गौरक्षा विभाग के देसी गोवंश रक्षण एवं संवर्धन न्यास और जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त आयोजन में दो दिवसीय कार्यशाला आज अपने दूसरे दिन प्रातः 10 बजे गौकथा के साथ सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने किया, जिन्होंने गौमाता के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कृषि महाविद्यालय के डॉ. मोनि थॉमस ने गोवंश आधारित उद्योग और कृषि उत्पादों के संवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि गाय से आय तभी सुनिश्चित होगी जब हर घर और खेत में देशी गोवंश की देखभाल की जाएगी। कार्यक्रम में श्री सारस्वत ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर चर्चा की, जबकि उज्जैन के आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञान त्रिपाठी ने पंचगव्य से निर्मित औषधियों के कैंसर उपचार में योगदान और प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी। महाकौशल प्रांत के कई जिलों के गौशाला संचालक और जैविक किसान अपने अनुभव साझा करने हेतु उपस्थित थे। राजेश मिनोचा ने बायों कल्चर उत्पादों के समय पर उपयोग से कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु प्रसाद सिंह ने देसी गोवंश संवर्धन और नसल सुधार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर घर और खेत में देशी गाय होना आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री सुनील मानसिंहा ने सभी विषयों पर जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला ने पंचगव्य औषधि, देसी गोवंश संवर्धन और कृषि विकास के क्षेत्र में न केवल जानकारी दी, बल्कि किसानों और ग्रामीणों में जागरूकता और सहभागिता भी बढ़ाई।



### बेलगाम बस की टक्कर से एक की मौत 7 घायल

# दुर्घटना : माढोताल थाना क्षेत्र में रफ्तार का कहर

हरिभूमि जबलपुर।

माढोताल थाना अंतर्गत चंडीमाता मंदिर पड़वार रोड के सामने एक बेलगाम बस ने आटो को टक्कर मार दी, इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकी आटो में सवार सात लोग घायल हो गये. घायलों को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर 12.45 बजे सूरतलाई से सवारी लेकर आ रहा आटो चालक दमोह नाका निवासी अजय अहिरवार के आटो क्रमांक एमपी 20 आर 7107 में बस क्रमांक एमपी 15 जेडएफ 3254 ने पहले एक मोटर सायकल को टक्कर मारी फिर आटो को टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गया. पुलिस के अनुसार मोटर सायकल चालक अनिकेत चडार की मौके पर ही मौत हो गई. जबकी आटो चालक अजय अहिरवार सहित आटो में अन्य यात्री घायल हो गये।

हादसे में ऑटो चालक अजय अहिरवार को दाहिने कंधे और पैर में चोटें आईं। ऑटो में सवार सपना कोल को चेहरे, माथे और कमर में, पूजा गोंड को सिर के पीछे और बाएं हाथ व आंख के पास, कमलेश कोल को दाहिने हाथ, बाएं कंधे और बाएं पैर की एड़ी में, दो वर्षीय सोनू कोल को बाएं गाल और हाथ की कोहनी में तथा पांच वर्षीय श्रीकांत सिंह को सिर और दाहिनी आंख के पास चोटें आईं। घटना के बाद सभी घायलों को हेल्थ सिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां मोटरसाइकिल चालक अनिकेत चडार (22) निवासी गदर पिपरिया को डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281, 125(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## तस्कर फरारः 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

**जबलपुर।** थाना बरगी पुलिस की टीम ने मोटरसाइकिल से परिवहन कर ले जाई जा रही 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी बरगी परिवीक्षाधीन डीएसपी हेमंत कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मानेगांव श्रमोदय विद्यालय के पास सर्विस रोड पर दबिश दी। पुलिस को देखकर मोटर सायकल सवार शराब तस्कर फरार हो गये. मौके पर खड़ी मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर उसमें बंधे चार प्लास्टिक डिब्बों में कुल 60 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। पुलिस ने शराब सहित मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है तथा फरार आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। आरोपी की तलाश जारी है।

# ब्रह्मा बाबा का 57वां स्मृति दिवस 'विश्व शांति दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया



**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, शिव स्मृति भवन, नेपियर टाउन सेवा केंद्र पर 18 जनवरी को संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा (दादा लेखराज) का 57वां पुण्य स्मृति दिवस 'विश्व शांति दिवस' के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के श्रद्धालुओं ने बाबा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बताए शांति और प्रेम के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### नारी शक्ति को केंद्र में रखा : राजयोगिनी भावना दीदी

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी भावना दीदी ने कहा कि दशकों पहले, जब समाज में स्त्रियों की स्थिति और आध्यात्मिक जागरूकता का अभाव था, तब ब्रह्मा बाबा ने 'नारी शक्ति' को अध्यात्म के केंद्र में लाकर वैश्विक परिवर्तन की नींव रखी। उन्होंने बताया कि बाबा एक सफल हीरा व्यापारी थे, लेकिन 60 वर्ष की आयु में ईश्वरीय साक्षात्कारों ने उनके जीवन को पूर्णतः मानवता की सेवा की ओर मोड़ दिया। भावना दीदी ने बाबा के क्रांतिकारी कदमों की चर्चा करते हुए कहा, "1930 के दशक में ब्रह्मा बाबा ने संस्थान की बागडोर माताओं और बहनों को सौंपकर समाज की रूढ़िवादी विचारधारा को चुनौती दी। उन्होंने नारी को 'ज्ञान कलश' देकर समाज को नई दिशा दिखाने का माध्यम बनाया।"

### शिक्षाओं और चरित्र का प्रभाव

कार्यक्रम के दौरान बी.के. वर्षा ने ब्रह्मा बाबा की अनमोल शिक्षाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि बाबा का स्पष्ट संदेश था "खुश रहना और खुशियां बांटना ही जीवन का असली धन है।" बाबा सिखाते थे कि हमें वाणी से अधिक अपने कर्मों और ऊंचे चरित्र द्वारा दूसरों को प्रभावित करना चाहिए।

### स्व-परिवर्तन से विश्व-परिवर्तन का संकल्प

कार्यक्रम में वक्ताओं ने जोर दिया कि ब्रह्मा बाबा का मानना था कि 'स्व-परिवर्तन' से ही 'विश्व-परिवर्तन' संभव है। 18 जनवरी 1969 को देह त्यागने से पूर्व उन्होंने एक ऐसा आध्यात्मिक मार्ग तैयार किया, जो आज 140 से अधिक देशों में लाखों लोगों को जीवन जीने की कला सिखा रहा है। इस अवसर पर सामूहिक राजयोग मेडिटेशन (ध्यान) के माध्यम से विश्व शांति के लिए शुद्ध वाइब्रेशन फैलाए गए।

## नर्मदा नगरी में माघ मास कल्पवास के अवसर पर हरि नाम संकीर्तन संपन्न

**जबलपुर।** अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति जबलपुर द्वारा प्रयागराज की तर्ज पर माघ मास कल्पवास का 11वाँ वर्ष योगाचार्य डॉक्टर शिवशंकर पटेल की प्रेरणा से नर्मदा नगरी में जहां सूरज की किरणें भी ब्रह्म मुहूर्त की अमृत बेला में नर्मदे हर का जाप करती हैं, ऐसे पवित्र स्थल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि सीताराम आश्रम भेड़ाघाट में पौष पूर्णिमा से निरंतर माघ पूर्णिमा तक कल्पवासियों का जमघट बना हुआ है, सरस्वती घाट भेड़ाघाट मां नर्मदा मैया की शरण में कल्पवासी, परिक्रमावासी पंडित मनमोहन दुबे के मुखारबिंद से अपरान्ह 3:00 से 5:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करते हैं, प्रातः सुबह 8:00 बजे बालभोग मां नर्मदा मैया का पूजन अर्चन सीताराम संकीर्तन नर्मदा महापुराण दीपदान महंत बाल योगी कृष्ण दास महाराज एवं साध्वी कल्याणी दासी माता के सानिध्य में किया जा रहा है। सनातन प्रेमियों को सनातन संस्कृति का बोध कराया जा रहा है, जिससे समस्त हिंदू सनातन भाई-बहनों को अपने धर्मशास्त्र के बारे में संक्षिप्त से संक्षिप्त ज्ञान प्राप्त कराया जा रहा है। आज चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल द्वारा सीताराम आश्रम भेड़ाघाट में हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर भगवान कृष्ण का ध्यान करते हुए अश्रुपात के साथ नृत्य किया। संकीर्तन के पश्चात जनता जनार्दन के लिए नर्मदा मैया की पूजन अर्चन आरती के बाद समिति द्वारा भोजन प्रसादी भंडारा की व्यवस्था की गई।



# ब्राह्मणों ने सनातन संस्कृति के संरक्षण में निभाई अग्रणी भूमिका: डॉ. ब्रजेश दीक्षित

**जबलपुर।** नववर्ष के अवसर पर सनाढ्य कल्याण परिषद द्वारा नीम करौली वाले दद्दा धाम में आयोजित भव्य सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठजन और दांपत्य जोड़ों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि ब्राह्मणों ने सनातन संस्कृति की रक्षा और जीवन के मूल सिद्धांतों की स्थापना में महती भूमिका निभाई है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश स्थापक ने इसे जीवन पद्धति बताते हुए कहा कि सत्य, धर्म और अहिंसा के मार्ग पर चलना ही वास्तविक ब्राह्मण होना है। लघु काशी पचमटा धाम के महंत पं. कामता शरण महाराज ने सांस्कृतिक प्रतीकों जैसे तिलक, जनेऊ और चोटी को अपनाने का आह्वान किया। परिषद संरक्षक पं. के.डी. पचौरी ने रामचरितमानस के उद्धरणों के माध्यम से ब्राह्मणों के त्याग, तप और ज्ञान परंपरा को रेखांकित किया। इस अवसर पर पं. एच.पी. पाराशर को विशिष्ट व्यक्तित्व अलंकरण, तथा डॉ. केशव प्रसाद नगाइच, पं. शोभाराम गोटिया, विनोद पचौरी, सत्यप्रकाश कुरचनियां और रमाकांत पाराशर को दांपत्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। साथ ही सनाढ्य संगम पत्रिका का 151वां अंक भी विमोचित हुआ। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी, आजीवन सदस्य, महिला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सदस्य और समाज के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक सहभोज के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

# गांवों का विकास ही भारत के विकास का आधार

**मझौली।** गांवों के सर्वांगीण विकास से ही भारत के विकास की परिकल्पना साकार होती है। इसी उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जबलपुर द्वारा "ग्रामोदय से अभ्युदय – मध्य प्रदेश" विषय पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक शाला, मझौली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता श्री नरेंद्र त्रिपाठी, योगाचार्य योगेंद्र श्रीवास्तव, जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया, तहसील अध्यक्ष अमित खरे, काशी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सनिल यादव एवं परामर्शदाता मनीष अवस्थी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच संचालन आनंद साहू ने किया। वक्ताओं ने ग्रामीण विकास की चुनौतियों, समाधान एवं योग व स्वास्थ्य के माध्यम से अभ्युदय मध्य प्रदेश की अवधारणा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रंगोली, स्वागत गीत, देशभक्ति नृत्य एवं एरोबिक योग की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, नवांकुर व प्रस्फुटन समितियों के सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में काशी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सनिल यादव ने आभार व्यक्त किया।



## एस एस ए कालेज में स्टार्टअप दिवस पर आयोजन

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्टार्टअप दिवस की अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा स्टार्टअप दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं एनजीओ के विषय में जानकारी दी गई जो विद्यार्थियों को स्टार्टअप प्रारंभ करने में मदद करते हैं । उद्यमिता पर आधारित हिंदी फिल्म गुरु का प्रदर्शन किया गया इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने फिल्म का आनंद लिया । इसी प्रकार एक अन्य फिल्म हॉलीवुड फिल्म थे परसू आफ हैप्पीनेस भी विद्यार्थियों को दिखाई गई जिससे वे उद्यमिता के महत्व को समझ सके। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम के श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किए गए। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष राजा मोर ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में उद्यमिता के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि वे स्टार्टअप अपनाकर अधिक से अधिक रोजगार देने वाले बने।

# अग्रवाल प्रीमियर लीग (APL) का भव्य उद्घाटन, खेल और उत्साह का माहौल

**जबलपुर।** जबलपुर अग्रवाल सभा एवं Agrawal Chamber of Commerce (ACCI) के सहयोग से आयोजित Agrawal Premier League (APL) का उद्घाटन समारोह आज बड़े उत्साह, खेल भावना और युवा जोश के साथ संपन्न हुआ। यह टूर्नामेंट केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं को एकजुट करने, नेतृत्व और अनुशासन जैसे मूल्यों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उद्घाटन समारोह में CA अखिलेश जैन, विधायक नीरज सिंह, राजेश "गुड्डू" अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल बब्बा, घनश्याम दास अग्रवाल और प्रेम अग्रवाल "पिंकी" सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और APL की पहल की सराहना की। उद्घाटन के बाद टूर्नामेंट के पहले मुकाबले खेले गए। कंसल नाइट राइडर्स और गोयल वॉरियर्स ने जीत दर्ज की। सृजन अग्रवाल और शाश्वत अग्रवाल को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार मिला। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन, टीमवर्क और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह दिखाया, जबकि दर्शकों की मौजूदगी ने माहौल को और जीवंत बना दिया। ACCI के कृष्ण अग्रवाल और मुरली अग्रवाल ने बताया कि APL का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक मंच देना, नेटवर्किंग को मजबूत करना और समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है। आगामी दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले और सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। उद्घाटन दिवस का समापन खेल भावना, उत्साह और सौहार्द के साथ हुआ, जिसमें सभी टीमों को आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।






## गरीबी से संघर्ष कर देशसेवा तक पहुँचे मयंक उपाध्याय

**सिहोरा।** सिहोरा तहसील के ग्राम टिकरिया अगरिया निवासी मयंक उपाध्याय का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में आरक्षक पद पर चयन होने से गांव एवं क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। एक साधारण मजदूर परिवार में जन्मे मयंक ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अपनी उपलब्धि का श्रेय मयंक ने माता-पिता, गुरुजनों, बड़े पापा एवं भाइयों के आशीर्वाद को दिया है। साथ ही उन्होंने एसपी पाठशाला तथा कोच उपेंद्र कुमार गौतम के मार्गदर्शन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।

# भेड़ाघाट मार्ग बदहाल, सरस्वती घाट मोड़ बना हादसों का कारण

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट जाने वाला मुख्य मार्ग बदहाली का शिकार है। भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार जलप्रपात तक सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। आसपास की बस्तियों का पानी बहकर सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा गड्ढों में डाले गए बोल्डर दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। करीब छह वर्ष पूर्व सड़क का सुधार कार्य हुआ था, लेकिन उसके बाद रखरखाव नहीं होने से सड़क की हालत लगातार खराब होती चली गई। खस्ता हाल मार्ग के कारण न केवल पर्यटकों बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भेड़ाघाट व धुआंधार देखने रोजाना देश-विदेश से पर्यटक आते हैं, पर खराब सड़क से पर्यटन की छवि भी धूमिल हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-12 से पंचवटी मार्ग तक सड़क पर उड़ती धूल से आसपास रहने वाले लोगों में श्वसन रोगों का खतरा बढ़ गया है। दुकानदारों का कहना है कि धूल के कारण काम करना मुश्किल हो गया है, बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सड़क निर्माण का भूमि पूजन और ठेका होने के बाद भी कार्य शुरू न होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। इधर, भेड़ाघाट चौराहा–पंचवटी मार्ग पर शराब दुकानों के कारण शराबियों का जमावड़ा भी आम हो गया है, जिससे पर्यटकों और नर्मदा परिक्रमा वासियों की भावनाएं आहत हो रही हैं। नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग पर भी सवाल उठाए हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति सरस्वती घाट मोड़ पर है, जहां सड़क किनारे गहरा गड्ढा खोदा गया है, जो किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि किसी बड़े हादसे से पहले लोक निर्माण विभाग इस ओर तत्काल ध्यान दे और सड़क की मरम्मत कराए।



## सिहोरा खितौला में होंगे आधा दर्जन हिन्दू सम्मेलन

### पहला सम्मेलन आज झंडा बाजार में

**सिहोरा।** सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सिहोरा खितौला में करीब आधा दर्जन से अधिक हिन्दू सम्मेलन विभिन्न बस्तियों में आयोजित किए जायेंगे। जिसमें हिन्दू धर्म की गौरवशाली विरासत,एकता और भविष्य की दिशा पर विचार किया जायेगा। इसमें सभी हिन्दू बंधुओं और भगिनियों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। पहला हिन्दू सम्मेलन आज 17 जनवरी को हरदौल बस्ती का जैन मंदिर झंडा बाजार में आयोजित किया गया है । इसके अलावा नीलकंठ बस्ती का जगमोहन पार्क,नरसिंह बस्ती का एस एस ए कालेज ग्राउंड में 18 जनवरी,केशव बस्ती का बी हाई स्कुल ग्राउंड 20 जनवरी,ज्वालामुखी बस्ती का 22 जनवरी नवीन कन्या शाला ग्राउंड में, केशव बस्ती बी हाई स्कुल ग्राउंड 20 जनवरी को नीलकंठ बस्ती उक्त सभी सम्मेलन दोपहर 2 बजे से आयोजित होगे। इसी तरह महाकाली बस्ती का हिन्दू सम्मेलन 31 जनवरी को कंकाली मंदिर में दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा।

### बच्चों को सिखाये प्रबंधन के गुण

**सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाज़ार, के प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य जे एल खांडे और शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर, सेवानिवृत्त शिक्षक जय प्रकाश तिवारी ने बच्चों को सामान के रखरखाव और प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें इस संबंध में बहुमूल्य बातें समझाईं। तिवारी जी ने बच्चों को यह सिखाया कि अपने शैक्षणिक सामग्री और व्यक्तिगत सामान को कैसे व्यवस्थित रखा जाए ताकि वे लंबे समय तक सुरक्षित रहें और पढ़ाई के दौरान आसानी से मिल सकें। उन्होंने व्यवस्थापन कौशल के बुनियादी सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से समझाया।

**सेंट्रल रीजन जबलपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

# 47वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का भव्य समापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित 47वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता (वर्ष 2025-26) का भव्य समापन 18 जनवरी को ज्योति क्लब, जबलपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सेंट्रल रीजन जबलपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल, डबल एवं टीम इवेंट्स में विजेता बनकर अपना वर्चस्व स्थापित किया। टीम इवेंट्स में सेंट्रल रीजन जबलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान सिंगाजी क्षेत्र खंडवा एवं तृतीय स्थान जबलपुर रीजन को प्राप्त हुआ। सिंगल्स मुकाबले में मो. शकील परवेज विजेता तथा प्रदीप चौधरी उपविजेता रहे। डबल्स मुकाबले में प्रदीप चौधरी एवं मो. शकील परवेज की जोड़ी विजेता रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदीप चौधरी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (प्रवर्तन) एस.के. निगम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) एस.के. गिरिया रहे। कार्यक्रम में आयोजक अधीक्षण अभियंता (शहर) संजय अरोरा, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, मैनेजर आईटी आशीष पन्द्रे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एस.के. निगम ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित कर खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क की सराहना की। प्रतियोगिता में कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों की कुल 06 टीमों ने सहभागिता की। लॉन टेनिस प्रतियोगिता के प्रभारी एवं ऑब्जर्वर महेंद्र सोनी ने ऑल इंडिया टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन कर घोषणा की जिसमें सेन्ट्रल रीजन जबलपुर से खिलाड़ी मो.शकील परवेज, प्रदीप कुमार चौधरी, हर्षवर्धन कोट, विनीत त्रिपाठी, सिंगाजी क्षेत्र खंडवा से तन्सुख सोलंखी, सुमित खाडसे, बिरसिंहपुर क्षेत्र से राहुल श्रीवास्तव, जबलपुर क्षेत्र से अशोक चौहान एवं भोपाल क्षेत्र से कोटिल्य बजाज शामिल हैं, कार्यक्रम समन्वयक अनिल अलंग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## खितौला खम्परिया में कृषि रथ कार्यक्रम का आयोजन

**सिहोरा।** ग्राम पंचायत खितौला खम्परिया में कृषि रथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों शासकीय योजनाओं एवं विभागीय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे.एस. राठौर, जनपद सदस्य सुरेश पटेल,कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री साक्षी तिवारी,सुमित पाटकर एवं सुश्री अदिति सिंह, कृषक मित्र पशुपालन विभाग के अधिकारीगण तथा सरपंच दिलीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। आयोजन में अधिकारियों द्वारा कृषि,पशुपालन,फसल उत्पादन,उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती तथा शासन की विभिन्न कृषक-हितैषी योजनाओं के संबंध में किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। आयोजन में किसान भाइयों एवं बहनों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। किसानों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अनुभव एवं जिज्ञासाएं साझा कीं जिनका समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्परता से किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक, टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियां अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# विशाल कलश शोभायात्रा एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

**मझौली। भगवान विष्णु वाराह की कृपा से मझौली नगर में आयोजित श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत सोमवार 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे विशाल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ जी के विग्रहों की भव्य रथयात्रा भी शामिल रहेगी। महायज्ञ उपरांत भगवान जगन्नाथ जी के विग्रह शनि आश्रम में स्थापित किए जाएंगे।**



कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल बाजार प्लाट मझौली से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए भगवान विष्णु वाराह मंदिर पहुंचकर पुनः यज्ञ स्थल पर संपन्न होगी। श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 3 बजे कथा वाचन तथा शाम 7 बजे से रामलीला का मंचन होगा। 23 जनवरी को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 24 जनवरी को गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग, 25 जनवरी को रुक्मिणी विवाह, 26 जनवरी को सुदामा चरित्र तथा 27 जनवरी को हवन पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।महायज्ञ के यज्ञाचार्य एवं कथा वाचक श्री दत्त जी महाराज हैं। आयोजकों ने नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश शोभायात्रा एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागी होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## भाजपा नेत्रियों ने दी कड़ी प्रतिक्रिया राजधानी सहित प्रदेश भर में हुए विरोध प्रदर्शन, जलाया पुतला

# महिलाओं पर बयान देकर घिरे विधायक बरैया, कांग्रेस ने किया किनारा, भाजपा की मांग : पार्टी से करें बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने जहां बरैया के बयान का विरोध करते हुए कांग्रेस पार्टी से बाहर करने की मांग की है। वहीं दूसरी आरे कांग्रेस बरैया के बयान से किनारा करते नजर आ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बरैया से स्पष्टीकरण मांगा है और साफ किया है कि पार्टी ऐसे बयान से सहमत नहीं है।

इधर दूसरी इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी एवं कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर बरैया से सार्वजनिक माफी एवं कांग्रेस से निष्कासन की मांग की। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से फूल सिंह बरैया को निष्कासन की मांग करते हुए उनका पुतला जलाया। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भी महिला मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन कर बरैया से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए पुतला जलाया गया।


फूल सिंह बरैया


विरोध-प्रदर्शन

### नारी सम्मान की संस्कृति को विकृत करने का प्रयास कर रही है कांग्रेसः अश्विनी परांजपे

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने फूल सिंह बरैया के बयान पर कहा कि बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को 'तीर्थ' से जोड़ने का प्रयास न केवल घोर आपत्तिजनक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान की परंपरा का अपमान भी है। भाजपा और महिला मोर्चा नारी सम्मान के किसी भी अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।


अश्विनी परांजपे

### बरैया का बयान उनका व्यक्तिगत विचार :पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने वाले अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार सरकार की विफलता के कारण मध्य प्रदेश में हर रोज 22 बलात्कार हो रहे हैं। इस विषम परिस्थिति में हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि हम इस अराजकता को रोकने और प्रदेश को सुरक्षित बनाने के लिए आगे आएं। फूलसिंह बरैया का जो बयान सामने आया है, वह उनका व्यक्तिगत विचार है। कांग्रेस पार्टी इस प्रकार के बयान से इत्तेफाक नहीं रखती। इस संदर्भ में उनसे स्पष्टिकरण माँगा गया है।


जीतू पटवारी।

## नारी सम्मान कांग्रेस के लिए मूल्य नहीं, सिर्फ वोट बैंक : हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मंचों से महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बातें करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के विधायक द्वारा दिए गए महिला विरोधी और अमर्यादित बयानों पर उनकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है। यह चुप्पी स्पष्ट करती है कि यह कोई व्यक्तिगत भूल नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीति और मानसिकता का हिस्सा है। कांग्रेस के लिए नारी सम्मान कोई मूल्य नहीं, बल्कि केवल एक वोट बैंक बनकर रह गया है। भाजपा की स्पष्ट मांग है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और श्रीमती प्रियंका गांधी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।


हेमंत खंडेलवाल

### ग्रंथों की संकीर्ण व्याख्या सामाजिक एकता के लिए घातक : मुकेश

मप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बरैया द्वारा रुद्रयामल तंत्र ग्रंथ के संदर्भ में दिए गए बयानों का तथ्यात्मक रूप से खंडन किया है। नायक ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मंचों से प्राचीन ग्रंथों की भ्रामक व्याख्या करना उचित नहीं है, यह समाज के विभिन्न वर्गों के बीच अविश्वास पैदा करने वाला निरर्थक प्रयास है। नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मग्रंथों का सम्मान करती है और किसी भी नेता के ऐसे निजी विचारों का समर्थन नहीं करती जो बिना अध्ययन के धार्मिक आस्थाओं और गौरवशाली परंपराओं पर चोट करते हों। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अपील की है कि वे ग्रंथों के मर्म को समझें और किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक भ्रम का शिकार न हों।


मुकेश नायक

### बरैया का बयान कोई जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि विकृत सोच का प्रदर्शनः आशीष अग्रवाल

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस विधायक बरैया कि बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का बयान कोई जुबानी फिसलन नहीं, बल्कि बीमार, विकृत और आपराधिक सोच का सार्वजनिक प्रदर्शन है। महिलाओं को "खूबसूरती" के तराजू पर तौलना और एससी-एसटी समाज की महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को "तीर्थ फल" कहना, यह बयान नहीं, अपराधी मानसिकता की स्वीकारोक्ति है। यह स्त्री-द्वेष, दलित-विरोध और मानवता पर सीधा हमला है।


आशीष ऊषा

### *कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती है : डॉ. संजय कामले*

*कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉ. संजय कामले ने कहा कि उक्त बयान पूरी तरह से उनके निजी विचार हैं, जिनका कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है। बरैया जिन धर्मग्रंथों का हवाला दे रहे हैं, उन धर्मग्रंथों में इस संदर्भ में कोई भी व्याख्या नहीं है। मैंने स्वयं विभिन्न वेद एवं धर्मग्रंथों का अध्ययन किया है, लेकिन किसी भी धर्मग्रंथ में इस प्रकार की बातों का उल्लेख नहीं मिलता। न ही किसी भी धर्म में इस तरह की सोच का समर्थन किया गया है।*


डॉ. संजय कामले

## खबर संक्षेप

### भाजपा सहयोग सेल में पदाधिकारियों की होगी नियुक्ति

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं से संवाद और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल की व्यवस्था शुरू की है। इस सहयोग सेल में प्रदेश संयोजक और जिला संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। सहयोग सेल में रिटायर्ड आईएएस अफसर भी शामिल करने पर विचार चल रहा है। इधर दूसरी ओर भाजपा के जिला पदाधिकारियों के जिला कार्यालय में बैठने के दिन तय किए जा रहे हैं। जो कार्यालय में बैठकर आम लोगों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। जिन मामलों का निराकरण जिला स्तर पर नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को प्रदेश कार्यालय की सहयोग सेल के पास भेजा जाएगा। इनमें प्रशासनिक समस्याएं और संगठन दोनों तरह के मामलों का निराकरण किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा इस संबंध में सभी भाजपा जिला अध्यक्षों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### सीएम 30 को करेंगे पुष्प महोत्सव का शुभारंभ

**भोपाल।** सीएम के मुख्य आतिथ्य में 30 जनवरी को राजधानी के हृदय स्थल गुलाब गार्डन में पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में भोपाल वासी 5 हजार से अधिक गमलों एवं 2 हजार से अधिक कट फ्लॉवर में सजी विभिन्न किस्मों के पुष्पों की सुगंध और सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे। पुष्प महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नेशनल रोज सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुशील प्रकाश, मप्र रोज सोसायटी के अध्यक्ष गर्दे सहित सोसायटी के अन्य सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मना रही है। इसी क्रम में कृषि और उद्यानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## पानी में क्लोरीन का लेवल नापने निकली जांच टीम ने लिए 201 सैंपल

# कटारा, करोंद में ई-कोलाई मिलने के बाद क्लोरीन जांच, अब होगा स्वास्थ्य चेकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा और करोंद की राजीव कॉलोनी में नगर निगम के सप्लाई वाले पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। निगम ने शनिवार को भी इन क्षेत्रों से पानी की सैंपलिंग कर सैंपल लेबोरेटरी भेजे हैं। जांच टीम ने मौके पर ही पानी में क्लोरीन के लेबल की जांच कर बैक्टीरिया जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं। इधर दोनों क्षेत्रों में दूषित पानी की रिपोर्ट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग का अमला सक्रिय हो गया है। यहां पर बीमार लोगों के बारे में जानकारी भी जुटाई जा रही है, जिससे हालात न बिगड़े।

हरिभूमि ने पिछले दिनों कटारा, करोंद, अयोध्या और कोलार रोड क्षेत्र से नगर निगम के नल कनेक्शन से डायरेक्ट सैंपलिंग कराई थी। जिसकी जांच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की राज्य प्रयोगशाला में कराई गई। जांच रिपोर्ट में कटारा के गौरीशंकर परिसर और करोंद के राजीव कॉलोनी में ई-कोलाई मिलने की पुष्टि हुई। दरअसल इन जगहों पर नगर निगम के फिल्टर प्लांट से टंकियां भरकर पानी सप्लाई किया जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पानी दूषित मिलने के बाद नगर निगम के अफसरों में हड़कंप मच गया है। जोन-17 की कार्यपालन यंत्री बबली शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में पानी की सैंपल जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



पानी का सैंपल लेती जांच टीम।

### सोमवार को आएगी नगर निगम के सैंपलों की जांच रिपोर्ट

#### 90 फीसदी लोगों को पानी की गुणवत्ता पर संदेह

*इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 24 लोगों की मौत के बाद जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया द्वारा जल आपूर्ति को लेकर इंदौर और भोपाल में सर्वे किया गया। भोपाल में इस सर्वे में 53 लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें 11 लोगों का व्यक्तिगत और 42 लोगों ने दो फोकस ग्रुप डिस्कशन को शामिल किया गया। सर्वे रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भोपाल में 53 में से 52 यानि 90 फीसद लोगों ने पीने के पानी पर संदेह जताया। इसके साथ किसी को यह पता नहीं था कि पानी की जांच कहां और कैसे कराई जाती है। इधर इंदौर में 40 प्रतिशत लोगों ने माना कि उन्हे पानी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी दस्त, टाईफाईड और पीलिया से पीड़ित हुए है।*

### नगर निगम ने अब तक विभिन्न क्षेत्रों से 4 हजार 646 सैंपल लिए

नगर निगम के सप्लाई वाले पानी की जांच के लिए शनिवार को झुग्गी बस्तियों सहित अन्य जगहों से पानी के 201 सैंपल लिए गए। साथ ही नारियल खेड़ा रेशम केन्द्र और यातायात पार्क स्थित पानी की टंकियों की सफाई भी कराई। निगम अमले ने अब तक 1795 झुग्गी बस्ती सहित शहर के अन्य क्षेत्रों से 4 हजार 646 पानी के सैंपल लिए हैं।

## 28 जनवरी से 11 मार्च तक कार्यक्रम

# मेपकास्ट करेगा एआई आधारित प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) द्वारा एआई आधारित प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन 28 जनवरी से 11 मार्च 2026 तक विज्ञान भवन, नेहरू नगर भोपाल में किया जाएगा। इस 6 सप्ताह के कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नवाचार, तकनीकी दक्षता और उद्यमशील सोच को सशक्त करना है। कार्यक्रम भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रौद्योगिकी अनुवाद एवं नवाचार प्रभाग द्वारा प्रायोजित है।

इसके माध्यम से प्रतिभागियों को एआई की मौलिक एवं उन्नत अवधारणाओं, आधुनिक टूल्स और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे सामाजिक एवं औद्योगिक समस्याओं के समाधान के लिए नवाचारी, स्केलेबल और सतत स्टार्टअप विकसित कर सकें।



फाइल फोटो।

### *इन प्रमुख विषयों पर होगी ट्रेनिंग*

*कार्यक्रम में उद्यमिता की समझ, एमएसएमई सहायता योजनाएं, वित्तीय संस्थान, परियोजना चयन एवं पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन, बाजार सर्वेक्षण, प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट निर्माण, संचार एवं सॉफ्ट स्किल्स विकास, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, जनरेटिव एआई, उत्पादन योजना, कार्यशील पूंजी प्रबंधन, विपणन, वित्त, मानव संसाधन, कानूनी औपचारिकताएं, कराधान और नेतृत्व कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।*

### यह कार्यक्रम में होंगे शामिल

कार्यक्रम में देश के विभिन्न संगठनों और संस्थानों से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ, शासकीय विभागों के अधिकारी, सफल उद्यमी, बैंकर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विपणन एवं प्रेरणात्मक विशेषज्ञ और उद्यमिता विकास संस्थानों के प्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली में व्याख्यान, केस स्टडी, समूह अभ्यास, प्रस्तुतिकरण, हैंड्स-ऑन सत्र और उद्यमियों के साथ संवाद शामिल रहेगा।

## कालीपुर क्षेत्र का मामला, दुर्घटना में चार अन्य लोग घायल

# सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह हादसा शहर के कालीपुर क्षेत्र में तब हुआ जब तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पास के एक तालाब में जा गिरी।

मृतकों की पहचान भावेश नागे, शेखर नागे और मनीष नेवर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, सभी का रो रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कालीपुर निवासी सात युवक, जो क्रिकेट खिलाड़ी बताए जा रहे हैं, स्कॉर्पियो में सवार होकर घूमने निकले थे। देर रात जब वे वापस घर लौट रहे थे, तभी कालीपुर के पास वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और गाड़ी सीधे तालाब में समा गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।



## उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

# छग के रायपुर से 'मूकमाटी एक्सप्रेस' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 'मूकमाटी एक्सप्रेस' का शुभारंभ किया गया। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्र सरकार द्वारा रायपुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नामकरण जैन समाज के महान संत आचार्य विद्यासागर महाराज की कालजयी कृति 'मूकमाटी' के नाम पर किया गया है, जिससे जैन समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने तप, त्याग और विचारों से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने उल्लेख किया कि गुरुदेव का देह त्याग छत्तीसगढ़ की पावन भूमि डोंगरगढ़ में हुआ, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मूकमाटी एक्सप्रेस का शुभारंभ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी आचार्य विद्यासागर के विचारों से निरंतर प्रेरणा लेते रहे हैं। छत्तीसगढ़ से इस ट्रेन का संचालन शुरू होना प्रदेशवासियों के लिए आत्मगौरव का विषय है।



### *विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना*

*ट्रेन के परिचालन से पहले अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठाचार्य ज्योतिषाचार्य पंडित अजीत शास्त्री द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार पैनल सदस्य प्रकाश मोदी, रायपुर वाणिज्य रेल प्रबंधक अवधेश त्रिपाठी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी राकेश सिंह, सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद जैन, नरेंद्र गुरुकृपा, डीआरयूसीसी सदस्य लोकेश चंद्रकांत जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।*

## पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो फरार

# मामूली बात पर इनोवा कार चालक ने साथियों के साथ मिलकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केंद्री में 15 जनवरी 2026 की दोपहर मोनफोर्ट स्कूल के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की तो मृतक की पहचान कैलाश तिवारी के रूप में हुई, जिसके बाद उसके भाई कौशल तिवारी की रिपोर्ट पर बिना नंबर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि कैलाश तिवारी अपने दोस्तों के साथ एक्टिवा का पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण वाहन को पैदल धक्का देते हुए पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था।

इसी दौरान एनएच-30 पर अभनपुर की ओर गलत दिशा से आ रही इनोवा कार ने पीछे से एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस पर कैलाश और उसके साथियों ने वाहन चालक को सही तरीके से गाड़ी चलाने की बात कही, जिस पर विवाद बढ़ गया। बताया गया कि इनोवा सवार कुछ दूरी पर गाड़ी रोककर उतरे और गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों व ठोस वस्तु से मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के दौरान कैलाश के साथ मौजूद अजय ने आत्मरक्षा में चाकू निकाल लिया, जिससे डरकर कार सवार कुछ लोग मौके से भाग गए। कुछ देर बाद दो-तीन लोग फिर वापस आए और विवाद दोबारा शुरू हो गया।




## राहत बचाव कार्य में जुटा जिला एवं पुलिस प्रशासन, घायलों का इलाज जारी

# भीषण सड़क हादसे में पांच की मौके पर मौत, घायलों में कई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य की सीमा पर ओरसा घाटी में रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री घायल बताए जा रहे हैं।

हादसा इतना गंभीर था कि बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही बलरामपुर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई और राहतबचाव कार्य में जुट गई। बताया जा रहा है कि बस में सवार सभी लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम से झारखंड जा रहे थे। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में सवार यात्री छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पीपरसोत गांव के निवासी थे, वे लोध फॉल घूमने जा रहे थे। घाटी क्षेत्र में तीखे मोड़ के दौरान बस चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस सड़क से फिसलकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनाई देने लगी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को महुआडांड़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने से कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति बन गई।



महुआडांड़ के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती

### *मृतकों और घायलों के परिजनों को दी सूचना*

*हादसे में अब तक पांच यात्रियों की मौत की पुष्टि प्रशासन द्वारा की गई है। मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रशासन ने गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त चिकित्सीय व्यवस्था की है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त बस बलरामपुर के एक निजी स्कूल की थी। प्रशासन ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।*

## खबर संक्षेप

### एमवे इंडिया का घाटा बढ़ा 74.25 करोड़ रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रत्यक्ष बिक्री कंपनी एमवे इंडिया के दस्तावेजों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में उसका कुल घाटा बढ़कर 74.25 करोड़ रुपए हो गया और परिचालन राजस्व 10.56 प्रतिशत घटकर 1,148.16 करोड़ रुपए रह गया। 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 9.2 प्रतिशत घटकर 1,174.85 करोड़ रुपए रही।

### एडलवाइस लाइफ को दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद



**नई दिल्ली।** एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस को अगले 2-3 वर्षों में दहाई अंकों में वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एमडी और सीईओ सुमित राय ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 तक घाटे से उबर जाएगी। हम लगभग 14 साल पुराने संगठन हैं। शुरुआती साल, विशेष रूप से 2011 और 2016 के बीच समग्र जीवन बीमा उद्योग के लिए धीमी वृद्धि का दौर था।

### ठंड में बढ़ी तेल की मांग कीमतों में उछाल



**नई दिल्ली।** विदेशों में बाजार मजबूत रहने, रुपये के दाम में आई गिरावट तथा जाड़े के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। सूरजमुखी, मूंगफली जैसे तिलहन के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं।

### डांगोटे रिफाइनरी का विस्तार करेगी ईआईएल



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने नाइजीरिया में डांगोटे रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल परिसर के विस्तार के लिए 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का अनुबंध हासिल किया है। इसके तहत ईआईएल परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) और ईपीसीएम सलाहकार के रूप में काम करेगी।

### स्वदेशी जागरण मंच ने सिगरेट की तस्करी बढ़ने पर दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** स्वदेशी जागरण मंच ने चेतावनी दी कि विदेशी सिगरेटों की बढ़ती तस्करी सरकारी राजस्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य, दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्वनी महाजन ने बताया कि हानिकारक वस्तुओं पर उच्च करों का ऐतिहासिक नतीजा कालाबाजारी बढ़ने के रूप में सामने आया है।

### टाटा ट्रस्ट की प्रस्तावित बोर्ड बैठक रद्द

**नई दिल्ली।** सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) की एक प्रस्तावित बोर्ड बैठक कोरम (गणपूर्ति) की कमी के कारण रद्द कर दी गई। इस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा के बेटे नेविल टाटा को ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया जाना था। नेविल टाटा को आरएसटीटी के बोर्ड में शामिल करने की कोशिश दो महीने पहले भी असफल हो चुकी है। करीब 180 अरब डॉलर से अधिक के टाटा समूह की प्रवर्तक होल्डिंग कंपनी टाटा संस में एसआरटीटी की 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस घटनाक्रम की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा, 'सभी ट्रस्टी बैठक में शामिल नहीं हो सके, जो नए ट्रस्टी की नियुक्ति के लिए एक अनिवार्य शर्त है।

# भारत का नया रिकॉर्ड, 24 % की जबरदस्त ग्रोथ के साथ 63 लाख गाड़ियां विदेश भेजीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था।

इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया। सियाम ने कहा कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अधिकांश बाजारों में मांग स्थिर रही है।

## यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया

### मारुति निर्यात में सबसे आगे

मारुति सुजुकी 2025 में 3.95 लाख इकाइयों का निर्यात करके इस क्षेत्र में सबसे आगे रही। दुपहिया वाहनों का निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 49,39,706 इकाई रहा, जो 2024 में 39,77,162 इकाई था। इस दौरान मोटरसाइकिल का निर्यात 27 प्रतिशत और स्कूटर का निर्यात आठ प्रतिशत बढ़ा। इसी तरह तिपहिया वाहनों का निर्यात 43 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़ा।



### *लग्जरी कारों पर भारी शुल्क, तर्कसंगत फैसले का वक्त*

*पुणे। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि आयातित 'लग्जरी' कारों पर सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाने से प्रीमियम खंड में मांग बढ़ेगी, जिससे सरकार का कुल कर राजस्व बढ़ेगा। आगामी आम बजट की अपेक्षाओं के बारे में पूछने पर अय्यर ने बताया कि इसके अलावा एक अधिक स्थिर व्यापक आर्थिक नीति और रुपए में जारी गिरावट को रोकने के लिए बेहतर राजकोषीय प्रबंधन से लग्जरी कार निर्माताओं को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को बढ़ती लागत के कारण कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जिसका असर मांग पर पड़ा है।उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों के तहत पिछले साल दरों को तर्कसंगत बनाया गया, जो एक बेहद सकारात्मक कदम था और अब सीमा शुल्क के लिए भी ऐसा ही होना चाहिए। इस समय 40 हजार अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाले आयातित यात्री वाहनों पर 70 प्रतिशत का बुनियादी सीमा शुल्क लगता है, और 40 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक कीमत वाले वाहनों पर 110 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगाया जाता है।*

### आज से दावोस में डब्ल्यूईएफ की बैठक, राष्ट्रपति ट्रंप होंगे शामिल

# वैश्विक दिग्गजों के बीच भारत की दमदार दस्तक, दुनिया भर के नामी 'संवाद की भावना' विषय पर करेंगे चर्चा

एजेंसी ⏭ दावोस

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत एक दमदार प्रतिनिधित्व के लिए तैयार है। सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय इस आयोजन में दुनिया भर के दिग्गज एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में ''संवाद की भावना'' विषय पर चर्चा करेंगे।

सरकार, व्यापार, शिक्षा, बहुपक्षीय निकायों, नागरिक समाज और श्रम संघों के 3,000 से अधिक वैश्विक नेताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सबसे बड़े आकर्षण होंगे। ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के पांच सदस्यों के साथ आ रहे हैं। भारत से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा कम से कम चार केंद्रीय मंत्रियों - अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू के साथ ही छह मुख्यमंत्रियों और देश के 100 से अधिक शीर्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के शामिल होने की उम्मीद है।







### राष्ट्रपति ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ होंगे शामिल

वैश्विक नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगियों- वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ वहां पहुंच सकते हैं। इस वैश्विक शिखर सम्मेलन में लगभग 130 देशों के करीब 3,000 नेता शामिल होंगे, जिनमें 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे। भारतीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान कई समूह चर्चाओं में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 'क्या भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है' विषय पर एक चर्चा भी शामिल है। इसके अलावा वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### *छह राज्यों के सीएम करेंगे शिरकत*

*बैठक में शामिल होने वाले मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन शामिल हैं। जहां रेड्डी कांग्रेस पार्टी से हैं, सोरेन कांग्रेस की सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा से और नायडू भाजपा की सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी से हैं, वहीं अन्य तीन मुख्यमंत्री भाजपा से हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार (कांग्रेस) के भी वहां रहने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रियों में नायडू तेदेपा से हैं, जबकि अन्य चार भाजपा से हैं। इसके अलावा, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष रमेशभाई संघवी (भाजपा) और उत्तर प्रदेश का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी दुनिया भर के अमीर और शक्तिशाली लोगों के इस वार्षिक जमावड़े के लिए दावोस की यात्रा करेंगे।*

### *अंबानी, बजाज, भरतिया और सुदर्शन वेणु लेंगे हिस्सा*

*पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी भी 'अलायंस फॉर ग्लोबल गुड: जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी' की संस्थापक और चेयरपर्सन के रूप में वहां मौजूद रहेंगी, जिसकी स्थापना कुछ साल पहले दावोस में ही हुई थी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज, जुबिलेंट भरतिया समूह के हरि एस भरतिया और टीवीएस मोटर के सुदर्शन वेणु भी शामिल होंगे।*

## बिकवाली का सिलसिला जारी

# एफपीआई ने शेयरों से निकाले 22,530 करोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपए से अधिक निकाले हैं।

- मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका

यह निकासी 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली के बाद हुई। ऐसा मुद्रा की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका तथा बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई के लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 16 जनवरी के बीच भारतीय इक्विटी से 22,530 करोड़ रुपए निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी के लिए वैश्विक और घरेलू कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर**
नरसिंह भवन, नरसिंहपुर 487001, फोन नं. 07792-230900, फैक्स नं.-07792-230915
E-mail:- dmnarsinghpur@nic.in, Website:-www.narsinghpur.nic.in

क्रमांक / 25 /भू-अर्जन शाखा / 2026 नरसिंहपुर दिनांक 05/01/2026
राजस्व मामला क्रमांक 0011/अ-82 वर्ष 2023-24 मौजा - कोडिया

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि राज्य शासन कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग गाडरवारा को ग्राम चिरहकलां से कौडिया मार्ग लंबाई किमी. 02.30 निर्माण हेतु निजी भूमि धारक की भूमि की आवश्यकता होने के कारण मौजा कौडिया नं.ब. 80 प.ह.नं. 124 रा.नि.मं. बोहानी तह गाडरवारा के निम्नलिखित भूमिस्वामियों के कुल रकवा 0.237 हे. में से रकबा 0.0400 हे. अर्जित किये जाने हेतु आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति (Consent Land Purchase Policy) के तहत भूमि क्रय करने का प्रस्ताव इस न्यायालय में विचाराधीन है, विवरण निम्नानुसार है-:

| क्र. | हितग्राही का नाम | ख.नं. | कुल रकबा (हे. मे) | अर्जित रकबा: (हे. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री नवीन पिता अरविन्द्र अग्रवाल | 43/1/1 | 0.237 | 0.0400 |
| | कुल योग | | 0.237 | 0.0400 |

उक्त प्रस्ताव पर यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ विभाग को कोई आपत्ति है तो वह स्वयं अधन: अपने प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति समस्त अभिलेखों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। 15 दिवस के पश्चात प्राप्त किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के तहत उक्त भूमि का विलेख निष्पादन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी।

(श्रीमति रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,
G-24555/25 मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)


# लगातार घाटे के बाद उभरा डिसकॉम, दर्ज किया 2,701 करोड़ का लाभ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) ने कई वर्षों तक लगातार घाटा उठाने के बाद वित्त वर्ष 2024-25 में सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। राज्य बिजली बोर्डों के पुनर्गठन और निगमीकरण के बाद से ही वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में इन कंपनियों को 25,553 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपए का भारी घाटा हुआ था।

- भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे

वित्त वर्ष 2024-25 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा बिजली वितरण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का परिणाम है। मंत्री ने कहा, 'भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति को गति दे रहा है और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।'' उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहारा दे सके और 'विकसित भारत' की यात्रा में अपना योगदान दे सके।

# एसबीआई और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

छुट्टियों के कारण छोटे रहे बीते सप्ताह के दौरान देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 75,855.43 करोड़ रुपए बढ़ गया। शेयर बाजार में सुस्त रुझान के बावजूद भारतीय स्टेट बैंक और इंफोसिस के शेयरों में बढ़त हुई। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 5.89 अंक गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 11.05 अंक ऊपर गया। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंफोसिस लाभ में रहे। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत एयरटेल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के मूल्यांकन में कुल 75,549.89 करोड़ रुपए की गिरावट आई।





### इंफोसिस के मूल्यांकन में वृद्धि

दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंफोसिस का कुल मूल्यांकन 75,855.43 करोड़ रुपये बढ़ा।इस दौरान एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 39,045.51 करोड़ रुपए बढ़कर 9,62,107.27 करोड़ रुपए हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 31,014.59 करोड़ रुपए बढ़कर 7,01,889.59 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# टाटा मोटर्स ने की इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन की मांग

TATA MOTORS

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने आगामी आम बजट में शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए विशेष प्रोत्साहन और 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत वाणिज्यिक परिचालन वाली इलेक्ट्रिक कारों को सहायता देने की मांग की है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा कि जीएसटी सुधारों, रेपो दर में कटौती और कर व्यवस्था में बदलाव जैसे सरकारी हस्तक्षेपों ने यात्री वाहन उद्योग में मांग को फिर से बढ़ा दिया है, लेकिन शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन अब भी बिक्री के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यात्री वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को फिर से गति देने के लिए सरकार की सराहना करता हूं।


**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म.प्र.) पिन-482001
Phone No. 0761-2621541
E-mail:- cepwdcentral@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-21/पा/2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 14.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB _475704_1 | नरसिंहपुर | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत बेदू से जमुनिया कछवा दौन लं. 5.80 कि.मी. का निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित। | तृतीय | 516.63 लाख | 5,16,700/- | 20,000/- | 10 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप:- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 30.01.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
जी- 24564/25 स्वच्छता ही सेवा


## व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर निवेशकों की रहेगी नजर

# वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल काफी हद तक कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की आवाजाही पर निर्भर करेगा।

- व्यापार वार्ताओं की प्रगति पर भी निवेशकों की रहेगी नजर

विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और व्यापार वार्ताओं से जुड़ी किसी भी खबर पर कड़ी नजर रखेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'प्रतिभागी शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे।

### भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क

ऑनलाइन कारोबारी मंच एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, 'भारतीय बाजार नए सप्ताह में सतर्क लेकिन शेयर विशिष्ट रुख के साथ प्रवेश कर रहे हैं। बैंकिंग शेयर सुर्खियों में रह सकते हैं, क्योंकि बाजार आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों के साथ ही कई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के तिमाही परिणामों का आकलन करेंगे।' इस सप्ताह बीएचईएल, एलटीआईमाइंडट्री, पीएनबी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), डीएलएफ, बीपीसीएल और अदाणी ग्रीन एनर्जी सहित कई प्रमुख कंपनियों के नतीजे आएंगे।





### क्षेत्र-विशिष्ट हलचल बढ़ने की संभावना

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''नतीजों के अलावा बाजार प्रतिभागी भू-राजनीतिक स्थिति और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संबंध में किसी भी महत्वपूर्ण सूचना पर कड़ी नजर रखेंगे। आम बजट करीब आने के साथ, बजट-पूर्व उम्मीदों के आधार पर क्षेत्र-विशिष्ट हलचल भी बढ़ने की संभावना है।'


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि / या) संभाग जबलपुर म. प्र.**
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म. प्र.) पिन - 482001 Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 40/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 13.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनमानित राशि रू.(लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_ PWDRB 474056_1 | जिला नरसिंहपुर के वि/यां उपसंभाग के अंतर्गत वाह्रय विद्युतीकरण का कार्य । | प्रथम | 8.00 | 16000/- | 2000/- | Up to 31/03/2026 | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 2 | 2026_ PWDRB 474057_1 | माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के माननीय न्यायाधिपति महोदय के डुमना रोड़ स्थित ए-6 बंगले में विद्युतीकरण कार्य । | प्रथम | 12.36 | 20000/- | 2000/- | 2 Month | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 3 | 2026_ PWDRB 475810_1 | जबलपुर जिले के वि/यां कटंगा सेक्शन के अंतर्गत एस/आर/एम.ओ.डब्ल्यू / रखरखाव का कार्य डिपोजिट विधुतीकरण मरम्मत कार्य । | प्रथम | 14.00 | 28000/- | 2000/- | Up to 31/03/2026 | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |

टीप:-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 24.01.2026 समय 5:30 PM तक है । निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि / यां) संभाग जबलपुर
G-24565/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## ट्रैक्टरों से ढुलाई, रेंजर और वनअमले की भूमिका पर गंभीर सवाल

# कट रहा जंगल बिक रहा सिस्टम

## तामिया रेंज के कुआंबादला सर्कल का मामला



तामिया क्षेत्र के कुआंबादला सर्किल में वन संपदा की अवैध तस्करी इन दिनों सुर्खियों में है। दिनदहाड़े ट्रैक्टर क्षेत्र से निकलते है। रास्ते तय है चालक बेखौफ है। जिसमें सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि बिना स्थानीय वनअमले की जानकारी या संरक्षण के यह कैसे संभव है। दरअसल इस रेंज में रेंजर और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप लंबे समय से लगाए जा रहे है। अधिकारी कहते है कि आरोप निराधार है पर सवाल फिर वही जस का तस है। अगर आरोप निराधार है तो ट्रैक्टरों की नियमित आवाजाही पर रोक क्यों नहीं। जब्ती और पंचनामा की कार्यवाही नगण्य क्यों। तस्करी के हॉट स्पॉट पर स्थायी चैकिंग क्यों नहीं।

### यह लूट सिर्फ जंगल की नहीं बल्कि कानून, जिम्मेदारी और सरकारी भरोसे की है

तामिया वनपरिक्षेत्र का कुआंबादला सर्कल अब जंगल नहीं बल्कि वनमाफियाओं की खुली मंडी बनता जा रहा है। कुर्सीढाना, फांसीढाना, बांगई, घटलिंगा की कीमती वनसंपदा की खुलेआम तस्करी हो रही है और हैरानी की बात है कि वनविभाग आंखे मूंदे बैठा है। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि दिन हो या रात ट्रैक्टर जंगल से भर भरकर निकल रहे है और रेंजर की चुप्पी से वनमाफिया बेखौफ है। यदि विभाग ईमानदार है तो बताए अब तक कितनी एफआईआर दर्ज हुई। कितने ट्रैक्टर जब्त हुए और किस रेंजर ने कितनी बार छापामार कार्यवाही की। अगर जवाब शून्य है तो यह सबसे बड़ा सबूत है कि **जंगल कट रहा है, सिस्टम बिक रहा है।** यह लूट केवल पेड़ों की नहीं बल्कि कानून जिम्मेदारी और सरकारी भरोसे की है। तामिया जैसे संवेदनशील जैसे वनक्षेत्र से इस तरह की बेलगाम वनतस्करी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर सीधा हमला है। संरक्षण की शपथ लेने वाले अधिकारियों की नीयत में खोट है। अगर इस खबर के बाद भी बड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो यह साफ मान लिया जाएगा कि वनमाफिया नहीं बल्कि सिस्टम में रहकर संरक्षण प्राप्त अपराधी जंगल चला रहे है। अगर वक्त रहते कठोर निर्णय नहीं लिए गए तो इतिहास में यह समय तामिया के जंगल में लूटकांड के नाम से दर्ज हो जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया (बाबा ठाकुर)

तामिया रेंज की कुआं बादला सर्कल के कुर्सी ढाना,फांसी ढाना, बागई भाडी घटलिगा के जंगलों में कई दिनों से रेत का अवैध उत्खनन वन कर्मियों की मिली भगत से लगातार हो रहा है जिसमें दिखावे के लिए नापसंद लोगों के ट्रैक्टर भी जप्त कर कुआं बादला वन चौकी में खड़े कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। लेकिन इसकी हकीकत कुछ और है। संरक्षण में चल रहे ट्रैक्टर जंगलों के अंदरूनी हिस्सों में वेखौफ वन संपदा को नष्ट करते हुए नदियों से रेत का अवैध उत्खनन करते चले आ रहे हैं। इसके साक्ष्य धाड नदी, बांगई जंगल की नदियां में मुख्य सड़क से प्रवेश कर रहे ट्रैक्टरों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण घट लिंगा मार्ग पर मुनारा क्रमांक 771 के बाजू से कई ट्रैक्टर गोंद्रा नदी में प्रवेश करते हैं जिनके निशान अब सड़क का रूप धारण कर चुके हैं। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं किए जाने से रेंजर एवं उपवनमंडल अधिकारी की कार्य प्रणाली पर अब लोग सवाल उठाने लगे हैं। मुख्य मार्ग किनारे के निशान आखिर क्यों नहीं दिखते? ग्रामीण बतलाते हैं कि रेत चोरी की शिकायत करने पर नाकेदार एवं रेत चोर ग्रामीणों को धमकाने से भी पीछे नहीं रहते। चोरों के बुलंद हौसलों की बानगी पिछले दिनों भांडी के नाकेदार के अलावा वन कर्मियों को रेत के ट्रक से कुचलने का प्रयास किया गया था, लेकिन अधिकारियों द्वारा साथ नहीं दिए जाने की दशा में उन्होंने देलाखारी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाने के बजाय लिखित आवेदन दिया, वह भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस से ऐसा प्रतीत होता है कि वन अधिकारी भी रेत चोरों को अघोषित रूप से मौन स्वीकृति प्रदान किए हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात रेंजर के निर्देश पर नाकेदार डिप्टी रेंजर का एक दल टेल्को वन प्रहरी वाहन से बीती रात जंगल गस्ती में इस उद्देश्य से निकला की क्षेत्र में वन अपराध करने वाले कहीं सक्रिय तो नहीं है और रेत का अवैध उत्खनन जंगल की नदियों से तो नहीं किया जा रहा है और वन प्राणियों के मूवमेंट के मद्देनजर शिकारी तो सक्रिय नहीं है, लेकिन गश्ती दल की जंगल में मौजूदगी के बाद भी फांसीढाना जंगल से कई ट्रैक्टर रेत लेकर दिन के उजाले तक निकले।

इन निकलने वाले वाहनों के कारण गश्ती दल की कार्य प्रणाली पर भी जंगल में हुई बीती रात गश्ती के बाद रेत के वाहनों का निकालना सवाल तो खड़े करता है। यदि वन विभाग को रेत चोरी पकड़ने जहां पर जंगल में ट्रैक्टर वालों ने रास्ता बना डाला है, वहां पहुंचेंगे तो निश्चित ही रेत के वाहन पकड़ में आएंगे। लेकिन जब मिलीभगत एवं इच्छा शक्ति का अभाव हो तो कार्रवाई का होना बेमानी ही साबित होगा, जैसा शनिवार की रात हुआ।

### कब होगी कार्यवाही?

- अब बड़ा सवाल यह है कि उच्चाधिकारी कब संज्ञान लेंगे।
- स्वतंत्र जांच टीम कब गठित होगी।
-दोषियों पर निलंबन एवं एफआईआर कब दर्ज होगी।
- जंगल का संतुलन और जैव विविधता का खतरे में डालने वाले - -
-जिम्मेदारों पर जवाबदेही तय करने में इतनी देर क्यों
- क्या वनमाफिया कानून से ऊपर है जो अधिकारी मौन स्वीकृति दे रहे

## 22 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन, सिंगोड़ी के कबीरवाड़ा स्थल पर होगा हिंदुत्व का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

**22 जनवरी को सिंगोड़ी स्थित कबीरवाड़ा स्थल पर विराट हिंदू सम्मेलन का होगा समागमकार्यक्रम संयोजक राजेंद्र कंच ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को सिंगोड़ी में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में ओजस्वी वक्ताओं में महामंडलेश्वर ध्रुव नारायण जी सहित श्री सीताराम जी रामायणी बाल विदुषी साक्षी देवी एवं ब्रज रागिनी देवी का क्रांतिकारी उद्बोधन प्राप्त होगा।**

कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारी कर ली गई है जिसमें मैदान को सुंदर साजसज्जा कर सजाया जा रहा है वही गांव में केसरिया झंडा एवं तोरण द्वार लगाकर विशेष सजावट की गई है महानगर जबलपुर से आ रहे अखिलेश्वरानंद जी (ध्रुव नारायण जी) महामंडलेश्वर होने के साथ पूर्व गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं आपका उद्बोधन ओजस्वी एवं क्रांतिकारी रूप में जाना जाता हैवही साध्वी साक्षी देवी एवं ब्रज रागिनी देवी अपने सुंदर उद्बोधन द्वारा जन समाज को संबोधित करेंगी हजारों की संख्या में हिंदू सनातनि की भीड़ संत महात्माओं को सुनने के लिए उमड़ेगीजिसमें माता बहनों के बैठने की उचित व्यवस्था समिति के द्वारा की गई है।

कार्यक्रम की दृष्टिगत हिंदू सम्मेलन उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रत्येक चौक एवं मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं भारत माता की आरती का सार्वजनिक रूप से आयोजन रखा गया है। 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में विशेष प्रदर्शनी के साथ विशाल भंडारा आम जनमानस एवं क्षेत्रीय लोगों के लिए समिति द्वारा रखा गया है निमंत्रण हेतु प्रत्येक घर पर समिति सदस्यों द्वारा अक्षत देकर उन्हें हिंदू सम्मेलनों के लिए आमंत्रित किया जा रहा है हिंदू सम्मेलन की तैयारी के साथ प्रत्येक मंदिरों एवं सार्वजनिक चौकों को विशेष रूप से सजाया एवं संवारा जा रहा है।

## चित्रकूट में आधा सैकड़ा बंदरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत इलाके में सनसनी; पुलिस और वन विभाग जांच में जुटे

सतना।

**धर्मनगरी चित्रकूट के सीतापुर चौकी क्षेत्र में बंदरों की सामूहिक मौत का एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। भगवान हनुमान का स्वरूप माने जाने वाले बंदरों के शव मिलने से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और दुख है। शुरुआती सूचना के अनुसार,शहर कोतवाली क्षेत्र की कुशवाहा बस्ती के पास बड़ी संख्या में बंदर मृत अवस्था में पाए गए।**

### घटना का विवरण

शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर चौकी की कुशवाहा बस्ती में स्थानीय निवासियों का दावा है कि



लगभग 50 (आधा सैकड़ा) बंदरों की जान गई है,जबकि पुलिस प्रशासन ने फिलहाल 24 (दो दर्जन) बंदरों की मौत की पुष्टि की है। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। वन विभाग ने सभी मृत बंदरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मौत का संभावित कारण

पुलिस और वन विभाग मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। प्राथमिक तौर पर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि बंदरों की मौत हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से हुई होगी। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह कोई मानवीय साजिश है या प्राकृतिक दुर्घटना। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बंदरों का मरना चिंताजनक है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों (यदि कोई हों) पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## सस्ता सीमेंट का झांसा देकर लाखों की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली न्यू एससीसी कॉलोनी में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक जालसाज ने मोबाइल फोन के माध्यम से सस्ते सीमेंट का झांसा देकर एक बुजुर्ग व्यक्ति से 2,30,000 रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता धनेश लालवानी 61 वर्ष निवासी न्यू एससीसी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। आरोपी ने खुद को सीमेंट विक्रेता बताकर सस्ते दामों पर सीमेंट उपलब्ध कराने का लालच दिया।

## शादी का झांसा देकर अस्मत से खिलवाड़

15 दिनों तक बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, केशवाही पुलिस ने दबोचा

**शहडोल। रिश्तों और विश्वास को कलंकित करने वाले एक सनसनीखेज मामले में केशवाही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दरिंदे को सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी ने न केवल एक नाबालिग का अपहरण किया, बल्कि उसे दो सप्ताह तक बंधक बनाकर उसकी आबरू से खेलता रहा।**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। वारदात की शुरुआत एक पारिवारिक कार्यक्रम से हुई, जहाँ आरोपी जितेंद्र पाव उम्र 22 वर्ष निवासी चकौड़िया ने नाबालिग पीड़िता को अपनी मीठी बातों में फंसाया। 3 जनवरी को आरोपी ने शादी का झांसा देकर मासूम को केशवाही बस स्टैंड बुलाया। वहाँ से वह उसे जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने गांव ले गया।

### 15 दिनों तक कैद में हैवानियत

पीड़िता ने पुलिस को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि आरोपी ने उसे करीब दो सप्ताह तक अपने घर में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट भी की। किसी तरह चंगुल से छूटकर जब पीड़िता अपने घर पहुँची, तब परिजनों के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलते ही बुढार थाना प्रभारी के नेतृत्व में केशवाही पुलिस ने जाल बिछाया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए 18 जनवरी को आरोपी जितेंद्र पाव को ग्राम चकौडिया से गिरफ्तार कर लिया। इस बड़ी कार्रवाई में उपनिरीक्षक गंगा सिंह मार्को, आरक्षक जितेंद्र राठौर और उमेश राठौर की अहम भूमिका रही।

## शहडोल में खूनी भालू का तांडव

**शहडोल। जिले के जंगलों में भालुओं का खूनी आतंक अब इंसानी बस्तियों के लिए काल बन गया है। गोहपारू और जैतपुर वन परिक्षेत्र में भालुओं की बढ़ती सक्रियता ने न केवल ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है, बल्कि वन विभाग के दावों की भी पोल खोल दी है। महज 48 घंटों के भीतर जंगल में मौत का जो खेल शुरू हुआ, उसका अंत एक ग्रामीण और एक भालू, दोनों की मौत के साथ हुआ।**

### इंसान हारा, भालू भी नहीं बचा

गोहपारू के अटरिया जंगल में गुरुवार को जब चेतन यादव अपनी मवेशी चरा रहा था, तब एक आदमखोर भालू ने उस पर मौत बनकर हमला किया। भालू ने चेतन को संभलने का मौका तक नहीं दिया और मौके पर ही उसे मार डाला। हैरानी की बात यह है कि जिस भालू ने जान ली, वह खुद भी मौत के कगार पर खड़ा था। शुक्रवार को जब वन अमले ने उसकी घेराबंदी की, तो वह मरणासन्न हालत में मिला। रेस्क्यू कर उसे लफदा चौकी लाया गया, लेकिन इलाज के नाम पर सिर्फ औपचारिकता हुई और शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया। अब सवाल यह है कि क्या यह भालू पहले से संक्रमित था? अगर हाँ, तो विभाग ने पहले इसकी सुध क्यों नहीं ली?

### जैतपुर में कुरकुरे का शौकीन भालू

इधर जैतपुर के रसमोहनी इलाके में भालू का खौफ किसी हॉरर फिल्म जैसा हो गया है। पिछले दो महीनों से एक भालू सडक़ों पर खुलेआम घूम रहा है, वाहनों पर चढक़र कुरकुरे खा रहा है और लोगों को डरा रहा है। इसी इलाके में भालू के हमलों से अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन वन विभाग अब भी सिर्फ निगरानी और तैयारी के नाम पर वक्त काट रहा है। बाजार तक भालू की पहुंच ने प्रशासन की चौकसी पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

### जिम्मेदारों की चुप्पी और बढ़ती मौतें

गोहपारू रेंजर का कहना है कि भालू बुजुर्ग और बीमार था, लेकिन सवाल यह है कि क्या वन विभाग सिर्फ मौत का इंतजार कर रहा था? जैतपुर में भी भालू के आतंक को दो महीने बीत चुके हैं, फिर भी विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। क्या आम आदमी की जान की कीमत वन विभाग की फाइलों से भी कम है?

**इनका कहना है...**

रसमोहनी क्षेत्र में देखे गए भालू को रेस्क्यू करने की तैयारी की जा रही है। रविवार रात पिंजरा लगाने की योजना है, ताकि भालू को सुरक्षित पकडक़र जंगल में छोड़ा जा सके।

**श्रद्धा पेंद्रो, डीएफओ**
**दक्षिण वन मण्डल शहडोल**

## पेन्ट गोदाम में लगी भीषण आग, सिरोठिया परिवार का करीब एक करोड़ का नुकसान

छतरपुर।

शहर के सिटी कोतवाली के अंतर्गत नौगांव रोड़ में रिलायंस पेट्रोल पम्प के ठीक पीछे मठोले लक्ष्मण साहू के कैम्पस में सिरोठिया पेन्ट के गोदाम में अचानक आग भड़क गई। जिससे व्यापारी का करीब 1 करोड़ रूपये का नुकसान हो गया। गनीमत यह रही कि नगर पालिका की फायर बिग्रेडों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। क्योंकि चंद कदम की दूरी पर रिलायंस पेट्रोल पम्प था और अगर आग पेट्रोल पम्प तक पहुंच जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है कई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिर भी व्यापारी का 1 करोड़ के आसपास का नुकसान हो गया वह एशियन बर्जर पेन्ट के थोक डीलर है और दूधनाथ मंदिर के पास उनकी सिरोठिया पेन्ट के नाम से दुकान है। इस आगजनी की सूचना मिलने पर सीएसपी अरूण सोनी, एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पियूष दीक्षित, कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी, थाना ओरछा रोड़ प्रभारी दीपक यादव, नगरपालिका के स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक सहित नगर पालिका का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

### पुलिस एवं राजस्व विभाग के आला अधिकारी रहे मौजूद, जबलपुर से पहुंची टीम

# आधी रात तक डरे सहमे रहे ग्रामीण, पकड़ में नहीं आया तेंदुआ, पिंजरा देखते ही भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम राखी में तेंदुआ के आ जाने वं ग्रामीण पर हमला करने के बा शनिवार की रात 12 बजे तक हड़कंप की स्थिति बनी रही है। गांव में तेंदुआ की मौजूदगी के चलते ग्रामीणजन डरे सहमे रहे। ग्रामीण पर हमला करने के बाद तेंदुआ भागा और दो दीवारों के बीच तंग रास्ते में फंस गया। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग एवं पुलिस विभाग को तत्काल जानकारी दी गईं।

जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम, थाना प्रभारी सुदेश सुमन, अखिलेश दाहिया पुलिस बल व वन अमले के साथ मौक़े पर पहुंचें। पुलिस व वन अमले के कर्मचारी हाथों में लाठी-डंडा लिए खडे रहे। वही जानकारी लगते ही डीएफओ गर्वित गंगवार भी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन की तैयारी शुरू की।



### रात 1 बजे तक रही दहशत

जबलपुर से वेटनरी डॉक्टर की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पिंजरा आने में देरी हो रही थी जिससे गांव के लोगों में आक्रोश नजर आया। 6 घंटे से फंसा तेंदुआ जैसे ही पिंजरा मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन की बारी आई तब उच्च अधिकारियों ने मकान के छत पर चढ़कर देखा तो तेंदुआ भाग खड़ा हुआ था। शाम 6 बजे से रात्रि 1 बजे तक गाँव में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही। लोगों में दहशत का माहौल रहा कि आखिर तेंदुआ कहा गया।

### दूसरे दिन भी अलर्ट रहा वन विभाग

राखी गाँव में तेंदुआ की आमद से शनिवार को भी बहोरीबंद वन विभाग का अमला अलर्ट मोड़ पर रहा है। गाँव से लगे जंगल में निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। गौरतलब है राखी गाँव से लगे जंगल में दो-तीन तेदुआ अपना डेरा डाले हुये है जो अचानक बीच बीच में गाँव की ओर आ जाता है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम ने बताया कि वन विभाग की टीम सतर्क है, लोग सुरक्षित रहे, वन्य जीवों से कोई नुकसान न हो इसके लिए वन विभाग की टीम अलर्ट मोड़ पर काम कर रही है।

# मौनी अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़

## ब्रम्ह मुहूर्त से नर्मदा तटों पर लगी आस्था की डुबकी





**जबलपुर। रविवार 18 जनवरी को मौनी (माघी) अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और नर्मदा में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। ठंड एवं शीतलहर के बावजूद तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं का नर्मदा तटों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर डुबकी लगाई।**

ज्योतिषियों के मुताबिक मौनी अमावस्या पर धर्मावलंबियों में खासा उत्साह रहा। पंडितों के अनुसार माघ में पड़ने के कारण इसे माघी अमावस्या भी कहते हैं। मौनी अमावस्या को मौन व्रत रखने का अपना अलग ही महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और नर्मदा का स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करने का भी विधान है। महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ इस विधान को पूरा किया। मान्यतानुसार पीपल के वृक्ष में 36 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। अमावस्या पर पूजन से सभी मन्नतें पूरी होती हैं। इस वर्ष मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नर्मदा के पावन तटों पर स्नान किया। जबलपुर नर्मदा का पावन तट है, यहां गौरीघाट, भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट और तिलवाराघाट में भी स्नानार्थियों का मेला लगा रहा। ब्रम्ह मुहूर्त में स्नान करने वालों की संख्या भी बहुतायत में रही। सुबह 4 बजे से नर्मदा तट पर स्नान करने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता गया, स्नानार्थियों की भीड़ भी बढ़ती गई। टैम्पो व ऑटो रिक्शा वालों ने मौके का फायदा उठाकर मनमाने दाम वसूले।

### क्या है महत्व

मौनी अमावस्या का पुराणों में विशेष महात्म्य बतलाया गया हैं। मौनी अमावस्या भी स्नान दान का पर्व है। धार्मिक ग्रन्थों में उल्लेख है कि इस दिन स्नान-दान करने से पापों का नाश होता है। इस दिन व्रत रहकर मौन स्नान-दान करने से संतान को सुख एवं परिवार में शांति व समृद्धि बनी रहती है। स्त्रियों को वैधव्य नहीं होता और चिरकाल तक सौभाग्य मिलता रहता है। अमावस्या पितृ कार्य का दिन है और चन्द्रलोक ही पितृलोक का निवास स्थान है। इस दिन पितरो के तर्पण, पशु पक्षियों को भोजन कराने, और जरूरतमंदों को दान करने से पितृ प्रसन्न होते है और लोगों को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

## महर्षि विश्वात्मा बावरा जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



**जबलपुर।** वनवासी चेतना आश्रम, जिलहरी घाट में परम पूज्य गुरुदेव महर्षि विश्वात्मा बावरा जी महाराज का 91वां जन्मोत्सव एवं 66वां संन्यास दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। यह आयोजन परम पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वामी अखिलेश्वरानंद जी, साध्वी विभानंद गिरी, स्वामी प्रज्ञा भारती जी एवं स्वामी मैत्रेयी दीदी जी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नेमा समाज मंडल की टीम द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सुंदरकांड के उपरांत गुरुदेव की पादुकाओं का विधिवत पूजन किया गया।

इस अवसर पर चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आश्रम की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने भी श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी ने गुरुदेव के तपस्वी जीवन, आध्यात्मिक साधना एवं समाज सेवा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## एमपी ट्रांसको ने 500 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर किया ऊर्जीकृत

### प्रदेश के पारेषण नेटवर्क की विश्वसनीयता में इजाफा

**जबलपुर।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के नियोजन मानदंडों के अनुरूप मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने प्रदेश में बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए 400 केवी उपकेंद्र में 500 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर को सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। इस अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर के चालू होने से पारेषण नेटवर्क की विश्वसनीयता बढ़ेगी, ओवरलोड की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। एमपी ट्रांसको के अनुसार यह कदम भविष्य की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने और ट्रांसमिशन सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## संक्रांति पर क्षत्रिय मराठा समाज महिला मंडल का हल्दी-कुमकुम आयोजन

**जबलपुर।**



संक्रांति पर्व के अवसर पर क्षत्रिय मराठा समाज महिला मंडल द्वारा महाराष्ट्रियन परंपरा अनुसार दत्त मंदिर में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रूप से हल्दी-कुमकुम किया तथा सुहागिन महिलाओं को सौभाग्य सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की आकर्षक श्रृंखला भी आयोजित की गई, जिसमें गीत-संगीत एवं मनोरंजक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन में पार्षद सौ. प्रतिभा भापकर सहित प्रतिभा जाधव, माया सोनोने, शोभा शिंदे, श्यामाताई सोनोने, शोभाताई काकड़े, सविता जाधव, प्रतिभा सोनोने, स्मिता वाघ एवं शीतल काळे उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दीपा काकड़े, स्वाति सपकाळ, दीपाली सालुंके, शुभांगी काकड़े, माधवी जाधव, माधुरी भोसले, सुवर्णा शिंदे, नैना चौधरी, नव्या खोसे सहित अन्य सहभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में सौ. रंजना सोनोने, निधि सवडतकर, अर्चना सोनोने, प्रतिभा सालुंके एवं संध्या सोनोने की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में महिला मंडल द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




## पुलिस प्रशासन के विरोध में कांग्रेस का सांकेतिक घेराव 20 जनवरी को

**जबलपुर।** शहर में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, बढ़ते अपराध और पुलिस प्रशासन की निष्क्रिय व पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 20 जनवरी 2026 (मंगलवार) को सांकेतिक घेराव एवं शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह आंदोलन दोपहर 1 बजे रामलीला मैदान (बाई का बगीचा) से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जबलपुर तक आयोजित होगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शहर में हत्या, चाकूबाजी, लूट, अवैध वसूली, महिलाओं से अभद्रता, जुआ-सट्टा एवं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि पुलिस प्रशासन अपराध नियंत्रण में विफल साबित हो रहा है। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कथित रूप से झूठे एवं राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित मामले दर्ज किए जाने का भी विरोध किया जाएगा। कांग्रेस ने हाल के दिनों में हुई कई गंभीर घटनाओं का उल्लेख करते हुए अपराधियों पर सख्त कार्रवाई, अवैध नशे व जुआ-सट्टा पर पूर्ण प्रतिबंध, निर्दोष नागरिकों को झूठे मामलों में न फंसाने और पुलिस प्रशासन को जवाबदेह बनाने की मांग की है। इस आंदोलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में शहर के जागरूक नागरिक शामिल होंगे।

## नेमा समाज का भव्य वार्षिकोत्सव सोल्लास सम्पन्न

### नवोदित प्रतिभाओं व वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान



**जबलपुर।**

नेमा युवक संघ जबलपुर के संयोजन में नेमा समाज का वार्षिकोत्सव समारोह भेड़ाघाट रोड स्थित ध्रुव तारा होटल में सम्पन्न हुआ। तदाशय की जानकारी देते हुये संघाध्यक्ष राकेश नेमा एवं सचिव आनंद नेमा ने बताया कि आयोजन में 70 वर्ष आयु पूर्ण करने वाली 51 मातृशक्तियों एवं स्वाजातीय वरिष्ठजनों का सम्मान तथा शैक्षणिक सत्र 2024 व 2025 में बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं, 12वीं स्तर से महाविद्यालय व विश्वविद्यालयीन स्तर तक की विभिन्न परीक्षाओं में विशिष्ट उपलब्धि तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्टता प्राप्त उदीयमान 35 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

द्वितीय चरण में विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताएँ एवं समसामयिक विषयों पर प्रश्न मंच और वनभोज के आयोजन उपरांत आकर्षक पुरस्कार वितरण हुआ। इस अवसर पर डॉ. गोविन्द प्रसाद, डॉ. पी. नेमा, राकेश नेमा, आनंद नेमा, विनीता नेमा, सीमा, श्वेता, मंजुला, निधि नेमा, अजय कमल, शैलेन्द्र, मनीष गुप्ता, डॉ. संदीप नेमा, राघवेन्द्र, शरद भरत, सत्यनारायण नेमा आदि स्वाजातीयजन शामिल रहे।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स एथलेटिक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न



**जबलपुर।** जबलपुर जिला एथलेटिक संघ के जिला सचिव रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज गोकलपुर स्थित एथलेटिक स्टेडियम में खेलो एमपी यूथ गेम्स की जबलपुर जिले की चयन प्रतियोगिता खेल युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ट्रेक एंड फील्ड के 12 इवेन्टस कराए गए। जिसमें सभी एथलीटों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाई किया। क्वालीफाई करने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त एथलीट जबलपुर जिले की टीम में शामिल किए गए हैं जो कि भोपाल में दिनांक 28/01/2026 से होने जा रही राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चयनित एथलीट पूर्ण जानकारी हेतु खेल युवा कल्याण विभाग रानीताल से सम्पर्क कर सकते हैं। चयन प्रतियोगिता के दौरान समय-समय पर खेल युवा कल्याण विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी आशीष पांडे एवं जिला शिक्षा क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा द्वारा उपस्थित होकर चयन प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोऑडिनेटर दुर्गेश पटेल एवं विकास सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में रॉबर्ट मार्टिन, चन्द्रशेखर स्वामी, दिनेश गोंड़, राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, मीनल चैतन्य, सारिका सिंह खान, पूनम कुण्डे, सुधीर अवधिया, प्रियंका खरे, सुषमा वर्मा, मोदित रजक, डी.के. शशिरमन स्वामी, पूजा सोनकर, अशोक राय आदि ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## विशाल शतचण्डी महायज्ञ 23 से




**जबलपुर।** आदि शक्ति दरबार, बावली महाराजपुर द्वारा माँ चन्द्रमोलेश्वरी के 15वें स्थापना दिवस पर विशाल शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन 23 जनवरी से 02 फरवरी तक मंदिर प्रांगण में किया गया है। प्रथम दिवस 23 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेगी जहां पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ शतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ होगा। 02 फरवरी को कन्याभोज एवं भंडारे के साथ शतचण्डी महायज्ञ का समापन होगा। मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से धर्म लेने की अपील की

## एमएसएमई योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला आज

**जबलपुर।** छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन एवं अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने हेतु एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन 20 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे डी.एन. जैन स्कूल, गोल बाजार, जबलपुर में किया जाएगा।यह कार्यक्रम जैन समाज की पहल पर परम पूज्य 108 मुनि प्रमाण सागर महाराज जी के सानिध्य में सम्पन्न होगा। कार्यशाला में उद्यमी, नए एवं युवा उद्यमी, महिला उद्यमी, व्यवसायी, बेरोजगार युवक-युवतियां, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स सहित व्यवसाय शुरू करने या विस्तार करने के इच्छुक लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## भगवान कुबेर की प्राचीन प्रतिमा मंदिर व बावली के संरक्षण की मांग



**जबलपुर।** आर्यन गार्डन, तेवर में आयोजित लोधी समाज के कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश शासन के सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को ग्राम पंचायत पडुआ के पोषक ग्राम जमुनिया में स्थित भगवान कुबेर की प्राचीन प्रतिमा, मंदिर एवं बावली के संरक्षण हेतु मांगपत्र सौंपा गया। यह मांगपत्र रूपेश पटेल (जिला महामंत्री), चतुरसिंह नगर पंचायत भेड़ाघाट अध्यक्ष, वर्षाशिव पटेल सरपंच ग्राम पंचायत पडुआ तथा शिवप्रसाद पटेल पूर्व सरपंच एवं जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ द्वारा दिया गया। मांगपत्र में उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत पडुआ द्वारा पूर्व में भी उक्त मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु आवेदन दिया जा चुका है, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जमुनिया गांव में स्थित भगवान कुबेर की प्राचीन प्रतिमाएं, मंदिर एवं तलाबनुमा बावली वर्तमान में जीर्ण-क्षीण अवस्था में हैं, जिनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। बताया गया कि यह क्षेत्र कल्चुरीकालीन धरोहरों से समृद्ध भेड़ाघाट-तेवर क्षेत्र से लगा हुआ है, जहां पग-पग पर पुरातात्विक अवशेष मिलते हैं। पूर्व में बरगी विधानसभा की तत्कालीन विधायक प्रतिभा सिंह द्वारा भी इस धरोहर के संरक्षण हेतु पुरातत्व विभाग को निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद विभाग द्वारा सर्वे कर इसे कल्चुरीकालीन धरोहर बताया गया। मांगकर्ताओं ने बताया कि यह कल्चुरीकालीन भगवान कुबेर का संभवतः विश्व का एकमात्र मंदिर है। यदि इसका संरक्षण किया जाता है तो क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति और इतिहास से परिचित होने का अवसर मिलेगा। साथ ही शोधकर्ताओं को अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी। उन्होंने आशंका जताई कि संरक्षण न होने की स्थिति में यह अमूल्य धरोहर नष्ट या चोरी हो सकती है। अतः मंत्री से विनम्र निवेदन किया गया कि इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए।




## गोहलपुर दीनदयाल बस्ती में सम्पन्न हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू धर्म की एकता, सामाजिक समरसता, शिक्षा और स्वास्थ्य के उद्देश्य से पूरे भारत में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी को गोहलपुर बस्ती दीनदयाल नगर के तत्वावधान में अग्रवाल लॉन गोहलपुर में संतों और क्षेत्रीयजनों की उपस्थिति में विराट हिन्दू धर्म सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं हनुमान चालीसा से हुई। इस आयोजन में बच्चों ने सांस्कृतिक गीतों में प्रस्तुति दी एवं कई उभरती सामाजिक समस्याओं जैसे सोशल मीडिया के दुरुपयोग, मादक द्रव्यों का नशा तथा पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण के संदर्भ में नाट्यमंचन किया गया, साथ ही मंच पर आसीन संतों ने हिन्दू धर्म एवं भारतीय संस्कृति के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया और लोगों को हिन्दू धर्म के सिद्धांतों पर चलकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महंत राजेश्वर नन्द, साध्वी दीदी, सेवा भारती प्रान्त संघठन मंत्री आत्माराम, प्रताप प्रजापति, मुकेश पटेल, रुपेश पिंटू पटेल, रोहिणी विश्वकर्मा, गजेंद्र कोष्टि, मुरली दुबे, मनोज पटेल, सुनील पटेल, प्रदीप मिश्रा, नरेंद्र पटेल, मुकेश कुमार सेन, प्रवीण नामदेव, अजय अधिकार, रोहित पटेल एवं क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे।

## जिन किसानों को 31 को टोकन जारी, उन्हें दो दिन पहले धान लाने कहा गया

# धान खरीदी का अंतिम चरण, तुंहर एप से टोकन अब नहीं, 29 तक धान बेच सकेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी अब अंतिम दौर में है। अब तक 20 लाख से अधिक किसानों से धान की खरीदी हो चुकी है। शेष दिनों के लिए समितियों में धान खरीदी के लिए टोकन भी जारी कर दिए गए हैं, इसके बावजूद जिन किसानों के पास धान बचा है, उन्हें टोकन जारी करने अब समितियों में आवेदन देना होगा। आवेदन का सत्यापन करने के लिए पटवारी और तहसीलदार भौतिक सत्यापन करने के बाद टोकन जारी करेंगे।

बताया जाता है कि 10 जनवरी तक किसानों को 31 जनवरी तक के लिए टोकन जारी किए गए थे। अब तुंहर टोकन एप के जरिए टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। समितियों के प्रबंधक से मिली जानकारी के अनुसार समितियों से धान खरीदी को लेकर शासन नए नियम के तहत टोकन जारी कर रहा है। अधिकतर किसानों को जारी टोकन के बाद भी उनके पास धान शेष होने या आधा बिके होने पर बिक्री के लिए टोकन की मांग की जा रही है। ऐसे मामलों में पटवारी द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद ही जारी किया जा रहा है।



### परिवहन बंद, धान का बफर स्टॉक

समितियों से धान का उठाव करने के लिए बनाए गए डिलीवरी एप को बंद कर दिया गया है। समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। ऐसे में समिति प्रबंधक परेशान हैं। डीएमओ द्वारा डीओ और आरओ नहीं काटे जाने के कारण धान का उठाव नहीं हो रहा है। प्रदेश के 2739 समितियों में से लगभग 1700 समितियों में बफर स्टॉक से अधिक धान रखा हुआ है। अधिक धान की वजह से बेमेतरा, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, कवर्धा और अन्य जिलों में धान की खरीदी लिमिट से कम की जा रही है। कलेक्टर से समिति प्रबंधक उठाव कराने लगातार मांग कर रहे हैं, पर अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 31 को जारी टोकन से अब 29 को खरीदी

सूत्रों के अनुसार किसानों को धान बेचने के लिए 31 जनवरी को टोकन जारी किया गया था। उनका धान अब दो दिन पूर्व 29 जनवरी को खरीदने के लिए समितियों ने सूचना जारी की है। बताया जाता है कि खरीदी के अंतिम दिन शनिवार होने के कारण खरीदी बाधित होने की संभावना है। ऐसे में वे किसान वंचित न हों, इसे देखते हुए दो दिन पूर्व ही उनका धान लिया जा रहा है। उन सभी किसानों को समिति प्रबंधकों ने दो दिन पूर्व ही धान लाने के लिए लिखा है।

# दृष्टिहीन पूर्व आईएएस ने लिख डालीं छह किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

अलग खबर

जिले के फरसाबहार विकासखंड निवासी पूर्व आईएएस एवं पूर्व सरगुजा कमिश्नर एमएस पैंकरा ने यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो अंधेरा भी रास्ता नहीं रोक सकता। आंखों की रोशनी पूरी तरह जाने के बावजूद उन्होंने लेखनी को अपना सहारा बनाया और अब तक 6 किताबें लिखकर प्रकाशित करवा दीं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी पुस्तकों की 3 हजार से अधिक प्रतियां समाज में निःशुल्क वितरित भी कर दी हैं। एमएस पैकरा ने बताया कि स्कूल जीवन के दौरान एक बार आए फ्लू के बाद उनकी आंखें ड्राई हो गई थीं। इसके बाद कोरोना काल से उनकी दृष्टि लगातार कमजोर होती गई और धीरे-धीरे पूरी तरह चली गई। लेकिन इस शारीरिक बाधा ने उनके विचारों और लेखन को नहीं रोका। वर्ष 2021 से उन्होंने लेखन कार्य प्रारंभ किया। अब तक जिंदगी के सुरता, महुआ फूल, करमडार, कंवर जनजाति, जनजातीय समाज का सामाजिक एवं आर्थिक विकास और बदलता अबूझमाड़ जैसी चर्चित



### बेटी बनी आंखें, पिता बने शब्द

दृष्टिहीनता के बाद लेखन कार्य में उनकी बेटी रुपाली पैंकरा ने अहम भूमिका निभाई। वर्तमान में रायगढ़ जिले में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रुपाली, पिता द्वारा बोले गए शब्दों को टाइप करती थीं। इसी अनूठे तालमेल से एक के बाद एक छह किताबें तैयार हुईं। इस पूरे सफर में उनकी पत्नी सुशीला पैंकरा ने भी निरंतर सहयोग दिया।

### कलेक्टर से कमिश्नर तक

एमएस पैंकरा का जन्म फरसाबहार विकासखंड के ग्राम सिंगीबहार में हुआ। वे मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में कलेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष और सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# भारत में ऐसे भी गरीब जिनके पास है फ्लैट दुकान से लेकर 7.5 करोड़ की प्रॉपर्टी

सड़क किनारे कटोरा थामे खड़े भिखारी को देखकर आमतौर पर हमारे दिमाग में गरीबी और मजबूरी की तस्वीर बनती है. लेकिन क्या हो अगर वही भिखारी फ्लैट, दुकान और करोड़ों की प्रॉपर्टी का मालिक निकले? सुनने में अजीब लगता है, लेकिन दुनिया में ऐसे कई भिखारी हैं, जिन्होंने भीख मांगकर अमीरी का नया पैमाना लिख दिया है। कहीं करोड़ों की संपत्ति, तो कहीं लग्ज़री ज़िंदगी-इन कहानियों ने गरीबी की हमारी सोच को ही पलट कर रख दिया है। आइए जानते हैं भारत के सबसे अमीर भिखारियों के बारे में....

## मिलिए दुनिया के सबसे अमीर भिखारियों से

### भरत जैन

#### दुनिया का सबसे अमीर भिखारी

भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे अमीर भिखारियों में गिने जाने वाले भरत जैन की कहानी सबसे ज्यादा चौंकाने वाली है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और आजाद मैदान के आसपास भीख मांगते हुए उन्हें करीब 40 साल हो चुके हैं। रोजाना 10 से 12 घंटे तक सड़क पर खड़े रहना, लोगों से पैसे मांगकर आज वह करोड़ों के मालिक बन गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भरत जैन भीख मांगकर महीने में 60 से 75 हजार रुपये कमाते हैं। इतना ही नहीं, भरत के पास 7.5 करोड़ की संपत्ति है। साथ ही, मुंबई में दो फ्लैट खरीदे हैं, जिनकी कीमत करोड़ों में बताई जाती है। इसके अलावा ठाणे में उनकी दो दुकानें हैं, जिनसे उन्हें हर महीने किराया मिलता है।



### बुर्जु चंद्र आजाद

मुंबई के ही एक और भिखारी बुर्जु चंद्र आजाद की कहानी तब सामने आई, जब एक ट्रेन हादसे में उनकी मौत हो गई। रेलवे स्टेशन पर भीख मांगने वाले बुर्जु की असली हैसियत किसी को पता नहीं थी। मौत के बाद जब पुलिस ने गोवंडी स्थित उनके घर की तलाशी ली, तो वहां से 1.5 लाख रुपये कैश और 8.77 लाख रुपये की रकम की फिक्स्ड डिपॉजिट सामने आई।

**कृष्ण कुमार गीते** : मुंबई में रहने वाले कृष्ण कुमार गीते भी भारत के अमीर भिखारियों की लिस्ट में शुमार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृष्ण कुमार एक दिन में करीब 1,500 रुपये तक कमा लेते हैं। इतना ही नहीं, उनके पास एक फ्लैट भी है, जिसकी कीमत तकरीबन सात लाख है। हैरानी की बात यह है कि कृष्ण के पैसों को मैनेज करने का काम उनके भाई करते हैं।

**लक्ष्मी दासः कोलकाता की करोड़पति भिखारिन** : कोलकाता की गलियों में भीख मांगने वाली लक्ष्मी दास ने बहुत कम उम्र में सड़क पर जिंदगी शुरू की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी महीने की कमाई 30 हजार रुपये से ज्यादा है और कुल संपत्ति करीब 1 करोड़ रुपये के आसपास बताई जाती है।

### पप्पू कुमार, उधार भी देते हैं पैसा


पप्पू कुमार की कहानी मजबूरी से शुरू हुई थी। एक हादसे में पैर टूटने के बाद उन्होंने भीख मांगना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी कमाई बढ़ती गई और आज उनकी संपत्ति करीब 1.25 करोड़ रुपये बताई जाती है। उनकी लाइफस्टाइल का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि वह अब छोटे व्यापारियों को उधार तक देते हैं।

# रानियों के नहाने के लिए बना था यह तैरता महल, पानी में डूबी हैं 4 मंजिलें

## आज भी अंदर जाने की नहीं है अनुमति

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक बेहद अनोखा महल है। यह महल पानी पर तैरता हुआ दिखाई देता है। हम बात कर रहे हैं ऐतिहासिक जल महल की। यह 300 एकड़ में फैली मानसागर झील के बीच स्थित है। राजा ने इसे अपनी रानियों के नहाने के लिए बनवाया था। इसकी पांच में से चार मंजिलें पानी के अंदर रहती हैं। यह जयपुर आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।



### रानियों के लिए बना था समर पैलेस

महाराजा सवाई जयसिंह ने 1799 में इस महल को बनवाया था। उन्होंने जयपुर की पानी की जरूरत के लिए गर्भावती नदी पर बांध बनवाया था। इससे मानसागर झील का निर्माण हुआ। राजा अपनी रानियों के साथ यहां खास वक्त बिताते थे। यह महल रानियों के लिए एक पिकनिक स्पॉट जैसा था। यहां रानियां शाही स्नान करती थीं और अपने वस्त्र बदलती थीं। इसी वजह से महल को झील के बीचों-बीच बनाया गया था।

### पानी के अंदर का रहस्य

यह 5 मंजिला इमारत लाल बलुआ पत्थर से बनी है। इसमें से चार मंजिलें हमेशा पानी में डूबी रहती हैं। केवल पांचवीं मंजिल ही बाहर दिखाई देती है। 222 साल से पानी में रहने के बाद भी इसे कोई नुकसान नहीं हुआ है। जयपुर की चिलचिलाती गर्मी में भी यह महल ठंडा रहता है। पर्यटक इसे बाहर से ही देख सकते हैं। महल के अंदर जाने की इजाजत नहीं है।

### छत पर उगे हैं हजारों पेड़

जल महल की छत पर एक विशाल नर्सरी है। यहां एक लाख से ज्यादा पेड़-पौधे लगे हुए हैं। इनकी देखभाल के लिए 40 माली काम करते हैं। यह राजस्थान की सबसे ऊंचे पेड़ों वाली नर्सरी मानी जाती है। रात के समय जयपुर का यह महल रोशनी में नहाया हुआ बेहद खूबसूरत लगता है। अरावली की पहाड़ियां इसकी सुंदरता में चार चांद लगा देती हैं।

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## ओडगी के मोहरसोप का मामला

# प्रधान पाठक नहीं जाते स्कूल, अपनी जगह रख लिया किराए का शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोहरसोप में पदस्थ प्रधानपाठक स्वयं स्कूल नहीं आते बल्कि अपनी ड्यूटी के लिए 2 हजार रुपए में एक शिक्षक रखकर स्वयं शासकीय वेतन का घर बैठे लाभ उठा रहे हैं। ऐसे में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता का अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड अंतर्गत मोहरसोप प्राथमिक शाला में डीएस सिंह की पदस्थापना प्रधान पाठक के रूप में की गई है लेकिन प्रधान पाठक डीएस सिंह महीने में सप्ताह भर भी स्कूल नहीं आते है। कक्षा पहली से पांचवीं तक वाले विद्यालय में कुल 52 बच्चे अध्ययनरत है लेकिन स्कूल अभी भी एकल शिक्षकीय है। यही वजह है कि प्रधान पाठक ने भी बच्चों की पढ़ाई के लिए किराए पर शिक्षक रख लिया है। प्रधान पाठक द्वारा स्कूल में महज 2 हजार रुपए में शिक्षक रखा गया है और खुद महीने में एक सप्ताह ही स्कूल आते है। प्रधान पाठक की अनुपस्थिति में भृत्य स्कूल खोलकर सफाई करता है जबकि किराए में रखा गया शिक्षक आकर बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहा है। पूर्व में एक किराए के शिक्षक द्वारा काम छोड़ने के बाद पिछले 12 दिनों से पूर्व देव यादव नामक युवक बच्चों को पढ़ा रहा है जबकि शासकीय स्कूल में पढ़ाने के लिए उसकी कोई शासकीय नियुक्ति भी नहीं की गई है।



### बच्चों ने भी कहा रोज नहीं आते

गुरुवार को स्कूल में 52 में से 11 बच्चे स्कूल में मौजूद थे। इस दौरान बच्चों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि प्रधान पाठक मीटिंग में जाते है तो स्कूल नहीं आते। बाकी समय पूर्व देव यादव द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हैरानी की बात तो यह है क्षेत्र में प्रधान पाठक द्वारा किराए पर शिक्षक रखने की जानकारी ना ही क्षेत्र के संकुल समन्वयक को है और ना ही अधिकारियों को।

### कलेक्टर, मंत्री का नाम नहीं पता

स्कूल में जिस किराए के शिक्षक द्वारा बच्चों को पढ़ाने का काम किया जा रहा था उसने खुद 12वीं तक पढ़ाई करने का दावा किया। किराए के शिक्षक पूर्व देव यादव ने बताया कि प्रधान पाठक ने उसे स्कूल में पढ़ाने के लिए रखा है और वे 11 दिनों से पढ़ा रहा है। उसे कोई नियुक्ति नहीं दी गई है। इस दौरान जब उससे जिले के कलेक्टर, प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री, विधायक, शिक्षा विभाग के बीईओ का नाम पूछा गया तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूरस्थ क्षेत्र में मौजूद एकल शिक्षकीय विद्यालयों में बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता का स्तर क्या है।

### की जाएगी कार्रवाई

बीईओ को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए है। सोमवार को जांच प्रतिवेदन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

-अजय मिश्रा
डीईओ, सूरजपुर

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर/03/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## शब्द पहेली - 6113

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | 11 | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 12 | |
| ■ | | ■ | 13 | | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | | ■ | 17 | | | |
| ■ | ■ | ■ | 18 | | ■ | 19 | | ■ | ■ | ■ |
| 20 | 21 | | | ■ | 22 | ■ | 23 | | 24 | |
| ■ | | ■ | 25 | 26 | | 27 | | ■ | | ■ |
| 28 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 29 | 30 |
| | ■ | 31 | 32 | | ■ | 33 | | 34 | ■ | |
| 35 | | | | | ■ | | ■ | 36 | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला–बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

### शब्द पहेली- 6112 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 6123

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



# पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है।

लाइफ Style



# त्रिधा

## मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में त्रिधा से पूछा कि क्या कभी किसी ने गलत तरीके से अप्रोच किया है। आयशा ने बिग बॉस में बताया था कि उनके साथ ऐसा कुछ हो चुका है। इस पर त्रिधा ने खुलासा किया, 'फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के सेट पर एक बार किसी ने आयशा खान को गलत तरीके से छुआ था, और यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। त्रिधा अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'हालांकि, उन्होंने मौके पर कोई विरोध नहीं किया लेकिन बाद में इस बारे में बात की और कहा कि ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।

हॉलीवुड मसाला



# ऑल दैट में की थीं काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। कियाना अंडरवुड 2005 में लोकप्रिय स्केच कॉमेडी सीरीज 'ऑल दैट' के सात एपिसोड में अमांडा बाइनेंस, निक कैनन और केनन थॉम्पसन जैसे सितारों के साथ नजर आई थीं। उन्होंने निकेलोडियन के 'लिटिल बिल' में भी काम किया था। बिल कॉस्बी द्वारा निर्मित एनिमेटेड सीरीज 'लिटिल बिल'में उन्होंने मुख्य किरदार की चचेरी बहन फुच्सिया ग्लोवर को आवाज दी।





# अवतारः फायर एंड ऐश ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून ने साल 2009 में पहली बार 'अवतार' फिल्म बनाई थी। अब इसका तीसरा पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को अब आप घर बैठकर देख सकते हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी है। जेम्स कैमरून की साइंस-फिक्शन मूवी 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 11,200 करोड़ रुपए कमाई की। ये 19 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब आप इसे घर बैठकर ऑनलाइन देख सकते हैं। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी 'अवतार 3' को ग्लोबली दर्शकों का जबरदस्त रिएक्शन मिला। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 की कमाई कर ली है। हालांकि, भारत में सभी भाषाओं में 170 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया।



# रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा

**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा। ऐसे में सारा से पूछा गया कि वो किस एक्टर की सबसे बड़ी फैन हैं? लोगों को उम्मीद थी कि वो अपने 'धुरंधर' में उनके को-एक्टर रणवीर सिंह का नाम लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सारा ने फटाक से जवाब देते हुए कहा कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को काफी पसंद करती हैं।



# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है।

टीवी मसाला



# आनंद कुमार की सुपर 30 का स्टूडेंट पहुंचा शार्क के मंच पर

**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया के पिछले सीजन ऑडियंस के बीच जबरदस्त हिट रहे हैं। देशभर से लोग अपना नया आईडिया लेकर शार्क के पास फंडिंग के लिए पहुंचे थे। शो की सफलता देखते हुए शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 आया और आते ही हिट हो गया। इस बार शो पर आनंद कुमार की सुपर 30 से उनका एक पुराना स्टूडेंट पहुंचा है जिसने अपने बिजनेस आईडिया से शार्क को भी हैरान कर दिया। आदित्य आनंद नाम के इस शख्स ने बताया कि इन्होंने आनंद कुमार की सुपर 30 वाले बैच से अपनी पढ़ाई की थी। और अपना बिजनेस चला रहे हैं। आदित्य मुंगेर बिहार के रहने वाले हैं। आनंद कुमार के जीवन पर ही ऋतिक रोशन की फिल्म सुपर 30 बनाई गई थी। आनंद कुमार गरीब बच्चों को फ्री और कम से कम पैसों में पढ़ाते हैं। आदित्य भी एक समय में उनकी सुपर 30 का हिस्सा रहे हैं। आनंद कुमार से पढ़ने के बाद आदित्य ने IIT का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और IIT कानपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। आदित्य ने बताया कि उन्होंने पांच साल तक काम किया और खुद सेविंग कर अपना नया बिजनेस शुरू किया है जो किसी भी कंपनी के डाटा स्टॉक रिसर्च में मददगार है। ये काम वो AI की मदद से करते हैं। आदित्य की ये बातें सुन सभी शार्क खुश हुए। बता दें, इसके अलावा शार्क के मंच पर कई बिजनेस आईडिया पहुंचे थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंटेस्टेंट्स की सामने आई टेंटेटिव लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' का साल 2025 में दर्शक इंतजार ही करते रह गए और ये शो टेलीकास्ट ही नहीं हुआ।



मगर अब इसके प्रीमियर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले इस शो को हर बार की तरह रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे। 'बिग बॉस तक' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' की शूटिंग जहां पहले जनवरी में शुरू होनी थी। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि मई में सभी एपिसोड्स शूट किए जाएंगे और जून, 2026 में इसका प्रीमियर होगा। हालांकि, अभी किस जगह पर सेट बनाना है, ये तय नहीं हुआ है। मेकर्स अभी लोकेशन को फाइनलाइज करने का काम कर रहे हैं। शो को लेकर कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट्स भी सामने आई है। 'बॉम्बे टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना और रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट इस सीजन का हिस्सा हो सकती हैं। इनके अलावा, अभिषेक बजाज, बसीर अली का भी नाम सामने आ रहा है।

# 2016 के ट्रेंड में शामिल हुईं भूमि

## शेयर की अक्षय के साथ पहली तस्वीर

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर भी बॉलीवुड की बाकी सेलेब्स की तरह सोशल मीडिया पर '2016' ट्रेंड में शामिल हो गई हैं। अपनी तस्वीरों की एक पोस्ट में भूमि ने उस साल के कई पलों को साझा किया है, जिनमें अक्षय कुमार के साथ उनकी पहली तस्वीर, बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए पिलाटेस सेशन शामिल हैं। भूमि की ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



भूमि ने 2015 में फिल्म दम लगा के हईशा से अपनी एक्टिंग की शुरुआत की थी। आयुष्मान खुराना के साथ इस फिल्म में भूमि ने एक मोटी टीचर का रोल निभाया था। उस समय उन्होंने पुरानी सोच को तोड़कर अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 2016 में उन्होंने अपना वजन कम किया और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' में काम किया। अपनी नई पोस्ट में, भूमि ने 2016 के कुछ यादगार पलों को शेयर किया, जैसे उनका पहला फोटोशूट और बॉडी चेंज की तस्वीरें। भूमि पेडनेकर ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, '2016 सपनों से भरा साल था। 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के सेट पर- पहली स्लाइड में भूमि ने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' के सेट से अक्षय के साथ एक मजेदार सेल्फी शेयर की है। दूसरी स्लाइड में उनके पहले फोटोशूट की तस्वीर है, जिसमें वो काली ड्रेस में पोज दे रही हैं। फिल्मफेयर मैगजीन में भूमि का पहला फीचर 2016 में आया था। उन्होंने अपने शरीर को बदलने के लिए पिलाटेस किए थे। भूमि की तस्वीरों में एक मजेदार तस्वीर अक्षय कुमार के साथ है। दोनों सेल्फी में साथ हैं, और पीछे एक भारतीय टॉयलेट दिख रहा है। आखिरी तस्वीर उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं।

# केवल एक घर में शूट हुई ये दिल छू लेने वाली फिल्म

**मुंबई।** अगर आप हिंदी फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ नया और अलग कंटेंट देखना चाहते हैं तो हम आपको साल 2022 में आई एक ऐसी शॉर्ट फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो आपको यकीनन पसंद आएगी। फिल्म में न तो बहुत से डायलोग्स हैं और न ही बहुत सारे किरदार, फिर भी ये हिंदी फिल्म यकीनन आपके दिल को छू लेगी। फिल्म में जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है द लास्ट एनवेलप। फिल्म में केवल तीन किरदार हैं। फिल्म नें अनु कपूर, शीबा चड्ढा और तेहरान बख्शी नजर आए हैं। इस फिल्म की खास बात है कि फिल्म को केवल एक घर में शूट किया गया है। फिल्म में केवल एक लोकेशन और तीन कलाकार हैं।



## जापान की इस सर्विस पर आधारित है फिल्म

यह फिल्म जापान में 1990 में शुरू हुई उस सर्विस पर आधारित है जहां सर्विस प्रोवाइडर्स कस्टमर्स को एक्टर्स प्रोवाइड कराते हैं जो उनके करीबी और रिश्तेदारों की जगह घर आते हैं और परिवार के साथ थोड़ा टाइम बिताते हैं और उनके रिश्तेदारों की तरह ही एक्ट करते हैं। यह सर्विस सबसे पहले जापान में शुरू हुई थी ताकि एक आदर्श समाजिक व्यवस्था और बुजर्गों के प्रति स्वस्थ और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाया जा सके।

## क्या है फिल्म की स्टोरीलाइन?


फिल्म की शुरुआत ऐसे मां-बाप से होती है जो अपने बेटे के बर्थ डे पर उसके घर आने का इंतजार कर रहे होते हैं। मां अपने बेटे के लिए उसके मन का खाना बना रही होती है। पिता घर की सफाई कर रहे होते हैं। फिर दरवाजे पर दस्तक होती है। माता-पिता दरवाजा खोलकर बेटे का स्वागत करते हैं। पूरा परिवार एक साथ एंजॉय कर रहा होता है कि तभी बेटे की नजर घड़ी पर पड़ती है और कमरे में सन्नाटा छा जाता है। इसके बाद कहानी में एक ट्विस्ट आता है। ऐसा ट्विस्ट जो किसी को भी इमोशनल कर सकता है।

## अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं

# 9 भाषाओं में बनाई गई ये तेलुगू फिल्म, 8 में हुई हिट

***मुंबई।** करीब 26 साल पहले एक ऐसी तेलुगू फिल्म रिलीज हुई थी जिसे कई भाषाओं में बनाया गया था। एक शानदार कहानी जिसने कई मेकर्स को प्रभावित किया। आठ भाषाओं में सफल होने वाली इस फिल्म का हिंदी रीमेक फ्लॉप निकला। साल 2005 तेलुगू भाषा में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उस समय के बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिलाकर कर रख दिया था। सिर्फ 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। ये फिल्म इतनी पसंद की गई कि हिंदी समेत 9 भाषाओं में बनाया गया। 8 भाषा में जबरदस्त सफलता मिली लेकिन सिर्फ हिंदी में ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म का तेलुगू नाम है 'नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना'। इस नाम का हिंदी मतलब है 'अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं?'।*

## अनोखी रोमांस पर आधारित थी




प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना एक्टर सिद्धार्थ, तृषा, श्रीहरी के साथ मिलकर बनाई गई थी। फिल्म में एक छोटे रोल में प्रकाश राज भी नजर आए और खुद डायरेक्टर प्रभु देवा ने कैमियो किया था। फिल्म एक अनोखी रोमांस पर आधारित थी। उस समय ऐसी कहानी कम ही देखी गई थी इसलिए इस तेलुगू वर्जन को ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। फिल्म को IMDB पर 7।9 की रेटिंग मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रेरित थी। फिल्म रिलीज हुई थी तो भीड़ थिएटर के बाहर जमा होने लगी थी। ये सबूत था इस फिल्म की सफलता का। बाद में इस फिल्म को 9 भाषाओं में बनाया गया।

## रमैया वस्तावैया 2013 में हुई थी रिलीज

साल 2006 में इसी फिल्म का तमिल रीमेक रिलीज हुआ जिसका नाम था उनक्कुम एनाक्कुम, कन्नड़ में नीनेलो नानाल्ले, बंगाली में आई लव यू, मणिपुर में निंगोल थाजबा, ओड़िया में सुना चढ़ी मो रूपा चढ़ी, पंजाबी में तेरा मेरा की रिश्ता, बंगलादेशी में निसाश अमर तुमि, नेपाली में द फ्लैश बैकः फर्केरा हेर्दा, हिंदी में बनाई गई थी रमैया वस्तावैया जो साल 2013 में रिलीज हुई थी।

## हिंदी में फ्लॉप

हिंदी रीमेक रमैया वस्तावैया का रिलीज हु थी। इस फिल्म को ओरिजिनल डायरेक्टर प्रभु देवा ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्म में गिरीश कुमार श्रुति हासन लीड रोल में थे और सोनू सूद ने निभाया था भाई का किरदार। 38 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 36 करोड़ ही कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये अकेली रीमेक फिल्म थी जो फ्लॉप हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। हालांकि ऑडियंस ने इस फिल्म का म्यूजिक पसंद किया था।



# सबालेंका और अल्काराज ने बनाई दूसरे दौर में जगह, रिकॉर्ड बनाकर हारी वीनस

## ऑस्ट्रेलियाई ओपनः लेवर और फेडरर दर्शकों के बीच रहे उपस्थित

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी एरीना सबालेंका और पुरुष वर्ग में पहली वरीयता प्राप्त अल्काराज ने धीमी शुरुआत से उबरकर रविवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का नया रिकार्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल करके तियांतसोआ राकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे।



### महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर

महिला वर्ग में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा। एल्सा जैक्वेमोट ने नंबर 20 मार्टा कोस्त्युक को 6-7 (4), 7-6 (4), 7-6 (7) से बाहर किया जबकि तुर्की की क्वालीफायर ज़ेनेप सोनमेज़ ने नंबर 11 एकातेरिना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 4-6, 6-4 से उलटफेर का शिकार बनाया।

### वीनस बनीं सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 45 साल की उम्र में महिला एकल का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है लेकिन उन्हें तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा डैनलोविच से 7-6 (5), 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रिकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

### जैस्मीन को नहीं हुए मैच जीतने में परेशानी

महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया।

### टियाफो ने कुबलर को दी मात

पुरुषों के वर्ग में ही नंबर 29 फ्रांसेस टियाफो ने जेसन कुबलर को 7-6 (4), 6-3, 6-2 से और माइकल झेंग ने सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-4, 3-6, 6-7 (0), 6-3 से हराया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालीफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। अमेरिका की दो खिलाड़ियों के बीच खेले गए इस मुकाबले में बैपटिस्ट 6-3, 6-7 (3), 6-3 से विजयी रही।

## खबर संक्षेप

BADMINTON WORLD FEDERATION

### बीडब्ल्यूएफ जारी रखेगा 'टाइम क्लॉक' ट्रायल


**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अगले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकेंड की 'टाइम क्लॉक' का परीक्षण करेगा। उसकी यह पहल चुनिंदा विश्व टूर टूर्नामेंट में जारी रहेगी, जिसका उद्देश्य रणनीतिक देरी पर अंकुश लगाना और मैच की लय को मानकीकृत करना है। हालांकि इस कदम पर खिलाड़ियों और कोच की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इस प्रणाली के तहत जैसे ही अंपायर स्कोर अपडेट करता है, 'टाइम क्लॉक' शुरू हो जाती है। सर्व करने वाला खिलाड़ी और रिसीवर, दोनों को 25 सेकेंड के भीतर सर्व और रिसीव के लिए तैयार होना अनिवार्य होता है।

### आईएसपीएल ने की श्रीनगर फ्रेंचाइजी के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित



**मुंबई।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी श्रीनगर के वीर के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी का टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह पहले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि दूसरे सत्र में उपविजेता रही थी। इस लीग का संचालन एक कोर कमेटी करती है, जिसमें सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज सामत आदि शामिल हैं। इस लीग में अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सलमान खान (दिल्ली सुपरहीरोज), अजय देवगन (अहमदाबाद लायंस), सौरव गांगुली, सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), ऋतिक रोशन (बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), सूर्या (चेन्नई सिंगम्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) सहित कई मशहूर हस्तियां भी फ्रेंचाइजी के सह-मालिक हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी के सह स्वामित्व के लिए बोलियां 31 जनवरी को बंद हो जाएंगी।

### अंडर आर्म सर्विस करके माउटेट ने खींचा ध्यान



**मेलबर्न।** कोरेंटिन माउटेट ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को मैच प्वाइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। किआ एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6 (1), 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया। उन्होंने कहा कि सर्विस करने का उनका यह तरीका योजनाबद्ध होने के बजाय सहज प्रवृत्ति पर आधारित था। माउटेट ने कहा, 'मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अंक हासिल कर सकता हूं और आखिर में मैं अंक हासिल करने में भी सफल रहा।

## भारतीय पारी 296 रनों पर सिमट गई

# तीन मैचों का वनडे सीरीज पर न्यूजीलैंड की जीत

## न्यूजीलैंड ने सीरीज 2-1 से अपने नाम किया

**इंदौर।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों का वनडे सीरीज हार गई है। इंदौर में खेले गए निर्णायक मुकाबले को न्यूजीलैंड ने 41 रनों से अपने नाम किया। न्यूजीलैंड ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। यह पहला मौका है जब न्यूजीलैंड ने भारत में आकर वनडे सीरीज पर कब्जा जमाया है। पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 8 विकेट पर 337 रन बनाए। भारतीय पारी 296 रनों पर सिमट गई।

हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहले ओवर में अर्शदीप ने हेनरी निकोलस और हर्षित ने दूसरे ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउट कर दिया। 58 के स्कोर पर विल यंग के रूप में टीम का तीसरा विकेट गिरा। मेहमान टीम मुश्किल में नजर आ रही थी। यहां से डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स जिम्मेदारी संभाली। चौथे विकेट के लिए 219 रन की बेहतरीन साझेदारी कर टीम का स्कोर 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 337 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई।

डेरिल मिचेल ने अपने वनडे करियर का 9वां शतक लगाया। उनका भारत के खिलाफ यह चौथा शतक और सीरीज में लगातार दूसरा शतक है। उन्होंने 131 गेंद पर 3 छक्के और 15 चौके लगाते हुए 137 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने वनडे में अपना दूसरा शतक लगाया। 88 गेंद पर 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से उन्होंने 106 रन की पारी खेली।



### विराट कोहली ने तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड

37 साल के विराट कोहली ने भारत के दिग्गज वीरेंद्र सहवाग का बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ डाला है। दरअसल, वीरेंद्र सहवाग के नाम भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे में सबसे ज्यादा 6 शतक का रिकॉर्ड था। हालांकि, अब विराट कोहली ने यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। विराट के नाम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 7 शतक हो गए हैं। वह भारत-न्यूजीलैंड के बीच वनडे में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

### पहली बार न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाजों ने लगाए शतक

डेरिल मिचेल जहां इस वनडे सीरीज में लगातार दूसरा शतक लगाने में कामयाब रहे तो वहीं ग्लेन फिलिप्स के बल्ले से भी उनके वनडे करियर का दूसरा शतक देखने को मिला। मिचेल इस मैच में 137 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटे तो वहीं फिलिप्स के बल्ले से 106 रनों की पारी देखने को मिली। वहीं न्यूजीलैंड की तरफ से भारत के खिलाफ किसी एक वनडे मुकाबले में पहली बार 2 बल्लेबाज शतकीय पारी में खेलने में भी कामयाब हो सके, जिसके साथ ही मिचेल और फिलिप्स दोनों ने मिलकर नया इतिहास रच दिया।

### ग्लेन फिलिप्स ने 83 गेंदों पर लगाया शतक

*ग्लेन फिलिप्स ने इस मैच में मिचेल से भी घातक बल्लेबाजी की और उन्होंने अपना शतक सिर्फ 83 गेंदों पर ही पूरा कर लिया। इससे पहले उन्होंने अपना अर्धशतक 56 गेंदों पर लगाया था। ये ग्लेन फिलिप्स के वनडे करियर का दूसरा शतक रहा। मिचेल ने भारत के खिलाफ इंदौर में 3 छक्के और 9 चौकों की मदद से 88 गेंदों पर 106 रन बनाए और डेरिल मिचेल के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 186 गेंदों पर 219 रन की साझेदारी की।*

**भारत में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक**

5 – एबी डिविलियर्स
4 – डेरिल मिचेल
3 – सलमान बट
3 – क्रिस गेल
3 – रिकी पोंटिंग
3 – मार्लोन सैमुअल्स
3 – क्विंटन डिकॉक

### न्यूजीलैंड बनाम भारत वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

145* रन – टॉम लैथम, ऑकलैंड, 2022
140 रन – माइकल ब्रेसवेल, हैदराबाद, 2023
138 रन – डेवोन कॉनवे, इंदौर, 2023
137 रन – डेरिल मिचेल, इंदौर, 2026
134 रन – डेरिल मिचेल, वानखेड़े, 2023
131* रन – डेरिल मिचेल, राजकोट, 2026
130 रन – डेरिल मिचेल, धर्मशाला, 203

### न्यूजीलैंड बनाम भारत वनडे में सबसे बड़ी पार्टनरशिप

221* रन – टॉम लैथम, केन विलियमसन, ऑकलैंड, 2022
219 रन – डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, इंदौर, 2026
200 रन – टॉम लैथम, रॉस टेलर, वानखेड़े, 2017
190 रन – एस स्टायरिसरॉस टेलर, दांबुला, 2010

## मुंबई मैराथन

# इथियोपियाई धावकों का दबदबा अबाते और येशी ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई मैराथन में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा देखने को मिला, जिसमें ताडु अबाते देमे और येशी कलायू चेकोले ने क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग के खिताब अपने नाम किए। अबाते ने पुरुष एलीट वर्ग में दो घंटे नौ मिनट 55 सेकंड का समय लेकर जीत दर्ज की, जबकि उनकी हमवतन येशी ने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। मुंबई मैराथन में 21 चरणों में यह सातवीं बार है जब इथियोपियाई धावकों ने पुरुष और महिला दोनों खिताब एक साथ जीते हैं। पुरुष एलीट रेस में कीनिया के लियोनार्ड किपरोतिच लंगाट (2:10:10) दूसरे और इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे वेल्डेमारियम (2:10:22) तीसरे स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में इथियोपियाई धावकों ने क्लीन स्वीप किया। किडसान अलेमा गेब्रेमेधिन (2:27:35) दूसरे और गोज्जाम त्सेगाये एनीयू (2:28:27) तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारतीय महिला एलीट वर्ग में संजीवनी ने जीता खिताब

भारतीय महिला एलीट वर्ग में संजीवनी जाधव ने 2:49:02 के समय के साथ खिताब जीता। निर्मबिन ठाकोर (2:49:13) दूसरे और सोनम (2:49:24) तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष तीन धावकों को क्रमशः पांच लाख रुपए, चार लाख रुपए और तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। विश्व एथलेटिक्स रोड रेस गोल्ड लेबल प्रतियोगिता मुंबई मैराथन इस साल नए रूट पर आयोजित की गई। पहली बार धावकों को नव-निर्मित मुंबई कोस्टल रोड और प्रतिष्ठित बांद्रा-वर्ली सी लिंक से होकर दौड़ने का अनुभव मिला।

## टाटा स्टील मास्टर्स

# एरिगैसी ने 32 चालों में जीता गेम, प्रज्ञाननंदा को हराया



एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया।

■ गुकेश ने सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में खेला ड्रॉ

### चिदंबरम ने ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ की शुरुआत

इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने भी जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमस ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव के साथ जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के साथ ड्रॉ खेला।

### बढ़त पर एरिगैसी, कीमर और नीमन

पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी, जिससे उनका राजा बीच में फंस गया, जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया। गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके। यह दिन का सबसे लंबा मुकाबला था, जो 78 चाल में ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

## इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों को मिला वीजा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं। अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तानी राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है।

# इंडिया ओपन चैंपियनः लिन चुन यी और आन से यंग ने जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया।



### आन से यंग का दबदबा कायम

महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया।

## डब्ल्यूपीएल : आज शाम 7.30 बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स में भिड़ंत

# जीत का सिलसिला जारी रखने मैदान में उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।

कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात जायंट्स ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई।



### स्मृति ने की फॉर्म में वापसी

आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट से मिली शानदार जीत में 96 रन की मैच विजेता पारी खेली। सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने भी अच्छी शुरुआत की है लेकिन वह उन्हें बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहीं हैं। पिछले मैच में जॉर्जिया वोल ने भी नाबाद 54 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी के पास ऋचा घोष, नादिन डी क्लर्क, गौतमी नायक और राधा यादव जैसी आक्रामक बल्लेबाज भी हैं, जिससे बल्लेबाजी उसका सबसे मजबूत पक्ष बन गया है।

### आरसीबी की गेंदबाजी इकाई मजबूत

आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी काफी मजबूत है, जिसमें लॉरेन बेल और सायली सतघरे जैसी गेंदबाज शुरुआती ओवरों में जिम्मेदारी संभालती हैं जबकि श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत और राधा यादव जैसे स्पिनरों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा।

### गुजरात जायंट्स को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुवाई वाली गुजरात जायंट्स की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गुजरात जायंट्स की गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह संभाल रही हैं, जो टूर्नामेंट में अब तक प्रभावित करने में विफल रही हैं। डिवाइन ने अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों से सहयोग की जरूरत है।




### हनुमानताल क्षेत्र से दो मासूम बहनें लापता

# गुमशुदगी दर्ज : प्रेम सागर इलाके में हड़कंप

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के हनुमानताल थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेमसागर इलाके से दो मासूम बच्चियों के अचानक लापता हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। 8 वर्षीय नेहा वंशकार और 6 वर्षीय नंदिनी वंशकार बीते 16 जनवरी की शाम घर से बिना बताए निकल गई थीं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बच्चियों के लापता होने से परिजन गहरे सदमे में हैं और पूरे इलाके में चिंता का माहौल बना हुआ है।

हनुमानताल थाना पुलिस के अनुसार 16 जनवरी की शाम दोनों बहनें घर से बाहर निकली थीं। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने आसपास के इलाकों में उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी पूछताछ की



गई, लेकिन बच्चियों का कहीं पता नहीं चल सका। लगातार खोजबीन के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो 17 जनवरी की रात बच्चियों की मां मनोरमा वंशकार (29 वर्ष) और पिता रोहित वंशकार ने हनुमानताल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## पुलिस ने शुरू की तलाश

मामला दर्ज होते ही पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। बच्चियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है, जो हर संभावित स्थान पर खोजबीन कर रही है। पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बच्चियों की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही प्रेमसागर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि बच्चियों की आखिरी लोकेशन का पता लगाया जा सके।

## तस्वीरें जारी, नागरिकों से मदद की अपील

पुलिस ने दोनों बच्चियों की तस्वीरें भी सार्वजनिक की हैं और आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को भी बच्चियों के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल हनुमानताल थाने या नजदीकी पुलिस चौकी को सूचित करें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही बच्चियों को सुरक्षित खोज निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### फरार निगरानी बदमाश नहर में गिरा, मौत

# हादसा : पनागर की पडरिया नहर में मिला शव

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां अपने जन्मदिन का जश्न मनाकर लौट रहे एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नितिन ठाकुर के रूप में हुई है। जो माढोताल थाना क्षेत्र का निगरानीशुदा बदमाश है जो एक मामले में फरार चल रहा था. उसकी मोटर सायकल नहर में गिर गई, उसके साथी ने इसकी सूचना पुलिस को दी.



पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात नितिन ठाकुर का जन्मदिन था। शनिवार शाम वह अपने मित्र विपिन काछी के साथ बाइक से पार्टी करने के लिए घर से निकला था। देर रात तक नितिन के घर वापस न लौटने और मोबाइल फोन बंद आने पर परिजन चिंतित हो गए। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः माढ़ोताल थाने में युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

रविवार सुबह पनागर पुलिस को सूचना मिली कि पड़रिया नहर में एक बाइक और युवक का शव दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार पुलिस टीम और गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला गया, जिसकी पहचान नितिन ठाकुर के रूप में की गई। पनागर थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है की मृतक नितिन ठाकुर माढोताल थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश था और अभी एक मामले में फरार चल रहा था. शुरुआती जांच में सामने आया है की नितिन अपनी अपने के साथ पडरिया गांव में जन्मदिन मनाने आया था, जहां से लौटते समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बाइक नहर में कैसे गिरी और हादसे के पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पत्नी की डिलेवरी कराने शहर आया था इंजीनियर

# चोरों ने सूने घर से उड़ाये 30 लाख के जेवर

**जबलपुर।** गोसलपुर थानांतर्गत गोसलपुर में अज्ञात चोरों ने रेलवे के एक इंजीनियर सूने घर को निशाना बनाते हुए नगदी समेत 30 लाख के जेवर पार कर दिए। घटना के संबंध में गोसलपुर पुलिस ने बताया कि जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी विनय झारिया गोसलपुर रेलवे स्टेशन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। विनय झारिया गत दो वर्षों से गोसलपुर में आशु सोनी के ह्दय नगर रोड स्थित मकान में किराये से परिवार सहित रहता है। विनय की पत्नी की डिलेवरी रेलवे अस्पताल जबलपुर में हुई है। इस वजह से विनय गत 3 जनवरी से अस्पताल में रह रहा है। गत 8 जनवरी को रेलवे के सेक्शन इंजीनियर विनय झारिया किराये के मकान में गोसलपुर पौधों में पानी डालने आया था। उसे मकान के सामने रहने वाले विनय सरकार ने फोन पर बताया कि तुम्हारे घर के मेन गेट का ताला नहीं है। और गेट की राड कटी है। विनय ने तत्काल अपने मालिक आशू सोनी को फोन कर घटना की जानकारी दी मकान मालिक ने मकान के बाहर जाकर देखा फिर कुछ समय बाद विनय ने भी गोसलपुर घर आकर देखा तो मेन गेट की राड कटी हुई है एवं अंदर के दरवाजे का एल ड्राप कटा था। अंदर रखी अलमारी के डोर लॉक टूटे थे। सामान पूरा बिखरा था। अलमारी में रखे सोने के जेवर रानी हार तीन तोला, रानी हार दो तोला, चौकर दो तोला, चार तोला की सातन नग लेडीज अंगूठी, एक तोला का मंगलसूत्र, 7 ग्राम के दो मंगलसूत्र, 22 ग्राम की दो चैन, दो तोला के कान के झाले, 63 तोला की चांदी की 10 पायल, 275 ग्राम का करधन, 60 हजार नगदी व एच पी कंपनी का लेपटाप गायब था। घटना गत 8 जनवरी से 16 जनवरी के बीच की बताई जा रही है। नगदी समेत चोरी गए जेवरों की कीमत 30 लाख रुपये बताई गई है।

## *ढाबे के पास आग ताप रहे गांजा तस्कर पुलिस के हाथ लगे*

जबलपुर। क्राइम ब्रांच एवं बरगी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तिनसी फाटक के पास आग ताप रहे दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 3 लाख 95 हजार रुपये आंकी गई है। थाना प्रभारी बरगी परिवीक्षाधीन डीएसपी हेमंत कुमार ने बताया कि रविवार को क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तिन्सी फाटक में ढाबे के पास आग ताप रहे बस्ती नम्बर एक गोहलपुर निवासी राज उर्फ लकी रजक और अमित उर्फ टक्कू रजक को गिरफ्तार किया उनके पास मिले बैग में 7 किलो 900 ग्राम गांजा निकला. पुलिस ने गांजा जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। गांजा कहां से लाए थे और कहा देने जा रहे थे इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## गंदगी फ़ैलाने वालों से 27 लाख 35 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर कुल नौ माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 13,494 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 27 लाख 35 हजार 140 रूपये जुर्माना वसूला गया।



एक्स-शोरूम प्राइस ₹72,700~
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-showroom Price is inclusive of Exshowroom, Insurance & Registration charges. *T&C apply.
TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मऊगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेस 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079
RS/Hero/01/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240